* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

होलिका दहन आज

रांची 13 मार्च, 2025, गुरुवार, वर्ष 10, अंक 144, फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:57 शाम गुरूवार
सेहरी 4:44 सुबह शुक्रवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# खनिजों पर बढ़ेगा सेस कैबिनेट से मिली मंजूरी

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्ताव मंजूर
- उत्पाद सिपाही बहाली में अभ्यर्थियों को अब नहीं दौड़ना होगा 10 किलोमीटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। सरकार ने खनिजों पर सेस दर बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। कैबिनेट में उत्पाद सिपाही की दौड़ नियमावली में संशोधन समेत कुल 31 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। दरअसल खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024 की समीक्षा की गयी थी, तो पता चला कि अन्य खनिज बहुल राज्यों की तुलना में झारखंड में सेस दर काफी कम है। इसी वजह से सेस दर में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया गया है। खनिज धारित भूमि पर सेस से ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक वसूलने का लक्ष्य रखा जा रहा है। वर्तमान में कोयला और लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से सेस लिया जाता है।

कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि झारखंड माल कर एवं सेवा अधिनियम विधेयक 2025 को विधानसभा के चालू सत्र में पेश करने की मंजूरी दी गयी है। राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में खान एवं भूतत्व विभाग के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर निर्णय लेते हुए राज्य की कंपनियों द्वारा पावर रेगुलेटेड सेक्टर को दिये जाने वाले कोयले पर स्वामित्व रॉयल्टी की वसूली की तरह ही अन्य गैर पावर रेगुलेटेड सेक्टर को दिये जाने वाले कोयले पर रॉयल्टी वसूलने का निर्णय लिया। गौरतलब है कि 80 फीसदी कोयले की आपूर्ति पावर रेगुलेटेड कंपनी को की जाती है, जिस पर 14% जीएसटी लगता है।



### 1600 मीटर की दौड़ 6 मिनट में पूरी करनी होगी

कैबिनेट की बैठक में पुलिस भर्ती की शारीरिक दक्षता में बदलाव करते हुए नये नियम बनाने को लेकर पुलिस कक्षपाल, सिपाही, गृह रक्षा वाहिनी उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली 2025 बनाने की मंजूरी दी गयी। इसके तहत पुरुष अभ्यर्थियों के लिए छह मिनट में 1600 मीटर और महिलाओं के लिए 10 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ तय की गयी है। पहले पुरुषों के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ तय थी, जो अभ्यर्थियों के बीमार पड़ने के कारण काफी विवादों में रही थी। संशोधित नियमों के मुताबिक अब अभ्यर्थियों को उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में 10 किलोमीटर नहीं दौड़ना होगा। इसकी बजाय उन्हें 1600 मीटर की दौड़ 6 मिनट में पूरी करनी होगी।

### सेविका-सहायिका चयन नियमावली में संशोधन

झारखंड में सेविका-सहायिका चयन नियमावली और चिकित्सा महाविद्यालय में तीन वर्षों के आवश्यक सेवा नियमावली में भी बदलाव किया गया है। वहीं, पीडीएस दुकानों में इ- पॉस मशीनों के लिए कंपनी का विस्तार किया गया है। साथ ही साथ आंधी, तूफान और लू को भी आपदा में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। ओरमांझी के बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में भगवान बिरसा की नौ फीट ऊंची मूर्ति लगाने के निर्णय को मंजूरी मिल गयी है। इसमें कुल 25 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। इसके अलावा कैबिनेट ने मार्च 2025 तक सभी जिलों में बिजली पहुंचाने के लक्ष्य को आगे बढ़ा दिया है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- स्व भगत चरण महांती, भूतपूर्व पदचर की सेवा नियमित एवं संपुष्ट किये जाने तथा उनकी पुत्री प्रिया महांती को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की मंजूरी।
- देवनारायण सिंह, सेवानिवृत्त लिपिक की सेवा नियमित एवं संपुष्ट किये जाने एवं अनुमान्य वित्तीय लाभ दिये जाने की स्वीकृति।
- झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 की धारा-26 के अंतर्गत अपर न्यायायुक्त-1, रांची के न्यायालय को विशेष न्यायालय पदभिहित करने की स्वीकृति।
- उत्तरवर्ती बिहार एवं झारखंड राज्य स्थित एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतनादि के भुगतान की स्वीकृति।
- सेवानिवृत्त आइएएस एल खियांग्ते को झारखंड लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाने की घटनोत्तर स्वीकृति।
- लातेहार जिलांतर्गत मौजा सिकनी में सिकनी कोल ब्लॉक में 133.473 एकड़ क्षेत्र पर झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड, रांची द्वारा धारित कोयला खनिज खनन पट्टा के अवधि विस्तार की स्वीकृति।

# पर्व-त्योहारों में कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करें : हेमंत सोरेन



झारखंड मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीएम ने दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी सहित अन्य त्योहारों के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाये। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में, आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ मनाया जाना चाहिए। बुधवार को झारखंड मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव या विवाद उत्पन्न न हो। पुलिस को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिह्नित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें और शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने अपराध नियंत्रण को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने ये दिये निर्देश

- आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।
- विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारी/बलों की उपलब्धता एवं प्रतिनियुक्ति करें।
- धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई और सीसीटीवी का लगाने एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की व्यवस्था की जाये।
- जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।
- जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों और अन्य संवेदनशील स्थानों में दंडाधिकारी-बलों की प्रतिनियुक्ति एवं विडियोग्राफी-ड्रोन के जरिये एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
- जुलूस के साथ दंडाधिकारी-बलों की प्रतिनियुक्ति एवं क्यूआरटी की व्यवस्था करें।
- जुलूस मार्गों में लगातार प्रकाश और लाउड स्पीकर की व्यवस्था करें।
- संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन योजना सुनिश्चित करें।
- जिला स्तरीय थाना की ओर से शांति समिति की बैठक करें।
- जिलों में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों, दंगा रोधी वाहन, वॉटर कैनन की उपलब्धता का सत्यापन और एंटी रॉयट कंट्रोल ड्रील की व्यवस्था करें।
- अवैध मादक पदार्थों-शराब के विरुद्ध छापेमारी करें।
- डीजे सहित अन्य साउंड सिस्टम के जरिये उत्तेजक और भड़काउ गानों के प्रसारण पर रोक लगायें।
- सुरक्षा बलों के लिए भोजन,आवास और पानी की व्यवस्था करें।
- पर्व-त्योहार के दौरान आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करायें।

### न्यूज रील्स

**नीतीश भांग खाकर विस में आते हैं: राबड़ी**

पटना। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के नौवें दिन बुधवार को सदन में खूब हंगामा हुआ। विधानसभा के बाहर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार भंगेड़ी हैं। वह विधानसभा में भांग खाकर आते हैं और महिलाओं का अपमान करते हैं। इससे पहले विधान परिषद में राबड़ी देवी और सीएम नीतीश के बीच बहस हुई। राबड़ी ने कहा कि बिहार में कोई काम नहीं हो रहा है। इस बयान पर मुख्यमंत्री भड़क गये।

# मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी

**पोर्ट लुइस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मॉरीशस दौरे का बुधवार को दूसरा दिन था। वे मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। प्रधानमंत्री बतौर मुख्य अतिथि इस समारोह में शामिल हुए। समारोह में भारतीय सेना की एक टुकड़ी, नौसेना का एक वॉरशिप और एयरफोर्स की आकाश गंगा स्काई डाइविंग टीम भी इस समारोह में हिस्सा लिया। इस मौके पर मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च पुरस्कार 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' दिया गया। मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। किसी देश की तरफ से पीएम मोदी को दिया गया यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। भारत और मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी



हुई। दोनों देशों के बीच आठ समझौते हुए हैं। दोनों प्रधानमंत्रियों ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस भी किया। इस दौरान मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे स्वतंत्रता के 57वें वर्षगांठ के राष्ट्रीय दिवस समारोह में अपनी उपस्थिति से हमें सम्मानित किया है।

# एनकाउंटर मामले में अमन साव समेत सात पर प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के अन्हारी ढोड़ा में हुए एनकाउंटर मामले में एटीएस के डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह ने अमन साव सहित सात अज्ञात लोगों पर चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मालूम हो कि एटीएस की टीम अमन साव को रायपुर जेल से 10 मार्च को रात रांची के लिए लेकर निकली थी। उसको 12 मार्च को एनआइए कोर्ट में पेश किया जाना था। एटीएस के जवान तीन गाड़ी पर सवार होकर रांची जा रहे थे, जिसमें अधिकारी के साथ 14 जवान शामिल थे। एटीएस की टीम जैसे ही चैनपुर थाना क्षेत्र के अन्हारी ढोड़ा के पास पहुंची, 6-7 अज्ञात लोगों ने एटीएस की स्कॉर्पियो गाड़ी पर बम फेंक दिया और फायरिंग करने लगे। हमलावर हथियार छीनने के साथ-साथ एटीएस के अधिकारी और जवानों को मारना चाहते थे। इसी बीच अमन साव मौके का फायदा उठाते हुए एटीएस के जवान से इंसास राइफल छीन कर भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में एटीएस ने अमन साव को मार गिराया। एटीएस ने इंसास और अन्य हथियार से 38 राउंड फायरिंग की है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि एटीएस की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गयी है।




nephro CARE CLINIC

World Kidney Day 13 MARCH 2025

विश्व किडनी दिवस एक वैश्विक अभियान है जिसका उद्देश्य हमारी किडनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

क्या आपकी किडनी ठीक हैं? OK?

जल्दी पता लगाएं, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें

अनुमान है कि क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) से दुनिया भर में लगभग 850 मिलियन लोग प्रभावित हैं। यदि इसका पता नहीं लगाया गया और समय पर इलाज नहीं किया गया, तो सीकेडी गुर्दे की विफलता में बदल सकता है, जिससे गंभीर जटिलताएं और समय से पहले मृत्यु हो सकती है। 2040 तक, सीकेडी के जीवन के वर्षों के नुकसान का 5वां प्रमुख कारण बनने का अनुमान है, जो किडनी रोग से निपटने के लिए वैश्विक रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

किडनी रोग के उच्च जोखिम वाली आबादी को लक्षित परीक्षण से गुजरना चाहिए।

किडनी रोग के प्रमुख जोखिम कारक हैं:
- मधुमेह
- उच्च रक्तचाप
- हृदवाहिनी रोग
- मोटापा
- गुर्दे की बीमारी का पारिवारिक इतिहास

अन्य जोखिमों में शामिल हैं:
- तीव्र गुर्दे की चोट
- गर्भावस्था से संबंधित गुर्दे की बीमारी
- ऑटोइम्यून बीमारियाँ (जैसे सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस या वास्कुलिटिस)
- जन्म के समय वजन कम होना या समय से पहले पैदा होना
- मूत्र पथ में रुकावट
- बार-बार गुर्दे की पथरी होना
- बार-बार गुर्दे की पथरी होना
- गुर्दे या मूत्र पथ को प्रभावित करने वाले जन्म दोष
- निम्न-आय वाले देशों में, गुर्दे की बीमारी अक्सर खेत श्रमिकों में गर्मी के तनाव, सांप के काटने, पर्यावरणीय विषाक्त पदार्थों, पारंपरिक दवाओं, हेपेटाइटिस बी या सी जैसे संक्रमण, एचआईवी और परजीवियों से जुड़ी होती है।

उच्च जोखिम वाली आबादी के लिए सरल, गैर-आक्रामक और लागत प्रभावी परीक्षणों में शामिल हैं:
- उच्च रक्तचाप की जांच के लिए रक्तचाप माप।
- बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), जो ऊंचाई और वजन के आधार पर शरीर में वसा का अनुमान है। बीएमआई की गणना यहां की जा सकती है।
- मूत्र परीक्षण:
  - गुर्दे की क्षति का आकलन करने के लिए मूत्र में एल्बुमिन (एल्ब्यूमिनुरिया)। मूत्र संबंधी एल्बुमिन-क्रिएटिनिन अनुपात (यूएसीआर) को प्राथमिकता दी जाती है।
- (यूएसीआर) को प्राथमिकता दी जाती है।
- रक्त परीक्षण:
- टाइप 2 मधुमेह की जांच के लिए ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन या उपवास या यादृच्छिक ग्लूकोज।
- ग्लोमेरुलर निस्पंदन दर (ईजीएफआर) का अनुमान लगाने और गुर्दे के कार्य का मूल्यांकन करने के लिए सीरम क्रिएटिनिन (सिस्टैटिन सी के साथ संयोजन में अधिक सटीक)

गुर्दे की विफलता से जुड़ी स्वास्थ्य देखभाल लागत को कम करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए शीघ्र पहचान नीतियों को विश्व स्तर पर लागू किया जाना चाहिए।



डॉ अविनाश कुमार दुबे - नेफ्रोलॉजिस्ट (किडनी रोग विशेषज्ञ)
MBBS (GOLD MEDALIST), MD (MEDICINE), DM (NEPHROLOGY) JIPMER
CONSULTANT & INTERVENTIONAL NEPHROLOGIST

एडवांस पैथोलॉजी, मां दुर्गा मेडिकल इटकी रोड, पिस्का मोड़, रांची, झारखंड - 834005

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# अमन साव गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

## एक पिस्टल, मैग्जीन, दो गोली, दो देसी कट्टा और एक बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची की पुलिस ने अमन साव गैंग के तीन अपराधियों को बीती रात गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सिकिदरी थाना क्षेत्र के अजय सिंह, रातू थाना क्षेत्र के समीर कुमार बागची उर्फ कुल्लू बंगाली और मांडर थाना क्षेत्र के वसीम अंसारी शामिल हैं। इनके पास से एक पिस्टल, मैग्जीन, दो देसी कट्टा, दो गोली और एक बाइक बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि सात मार्च को कोयला व्यवसायी विपिन मिश्रा के ऊपर फायरिंग की गयी थी। इसके बाद रांची पुलिस ने कई टीमों का गठन कर संगठित अपराधियों के खिलाफ एक साथ सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अमन साव गैंग के तीन सदस्यों को अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली के साथ पकड़ा गया है, पकड़े गये सभी अपराधकर्मियों का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि अजय सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में 14 से अधिक मामले दर्ज हैं। जबकि समीर कुमार बागची उर्फ कुल्लू बंगाली पर पूर्व से तीन से अधिक मामले दर्ज हैं। वसीम अंसारी के खिलाफ विभिन्न थानों में चार मामले दर्ज हैं।



### मयंक सिंह और राहुल सिंह होगा अमन साव गिरोह का सुप्रीमो

रांची। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव को झारखंड पुलिस ने मंगलवार को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। एनकाउंटर के बाद कारोबारियों ने राहत की सांस ली है। वहीं बुधवार को सोशल मीडिया पर एनकाउंटर में मारे गये अमन साव के गैंग को उसके गुर्गे चलाने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि अब गैंग का संचालन मयंक सिंह और राहुल सिंह करेंगे।

# मतदाता पहचान पत्र के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द करें निष्पादित : के रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सभी आवेदनों को ससमय निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र पंजीकरण से संबंधित कोई शिकायत न रहे। के रवि कुमार बुधवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के डाटा इंट्री ऑपरेटरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि मतदाता पहचान पत्र बनाने में जीरो एरर के लक्ष्य से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विगत के चुनावों में मतदाता सूची के निर्माण एवं मतदाताओं के पंजीकरण के लिए बेहतर कार्य हुए हैं। उस कार्यप्रणाली को अभी भी एक्टिव रखें ताकि ससमय मतदाताओं के समस्याओं का निराकरण होता रहे। उन्होंने एनजीएसपी पोर्टल पर किसी भी मतदाता के शिकायत पेंडिंग न रहे सभी शिकायतों का ससमय निराकरण करते हुए संबंधितों को सूचित करें।



इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता हितों की अनदेखी नहीं होने दी जायेगी : राजेश शुक्ल

**राजेश शुक्ल का स्टेट बार कौंसिल के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का 13 वर्ष का कार्यकाल बेमिसाल : केपी दुबे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि झारखंड में अधिवक्ता हितों की कहीं से अनदेखी नहीं होने दी जायेगी और अधिवक्ता कल्याण की योजनाओं को और भी प्रभावकारी बनाने के लिए केंद्र और झारखंड सरकार से सहयोग लिया जायेगा।

श्री शुक्ल बुधवार को सरायकेला जिला बार एसोसिएशन द्वारा सरायकेला जिला बार भवन में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरायकेला जिला बार एसोसिएशन में प्राथमिक संरचना बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जायेगा ताकि यहां के अधिवक्ता अच्छे माहौल में अपना कार्य कर सकें। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य के अधिवक्ताओं के सुख-दुःख में वे हमेशा सुलभ रहे हैं। उनके साथ खड़े रहे हैं और आगे भी खड़े रहेंगे।



इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के सचिव देवाशीष ज्योतिषी ने कहा कि झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ल ने झारखंड के अधिवक्ताओं का मान और सम्मान बढ़ाया है।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता और कौंसिल की पेंशन कमिटी के सदस्य केपी दुबे ने कहा कि श्री शुक्ल ने पिछले 13 वर्षों में झारखंड स्टेट बार कौंसिल के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के रूप में अधिवक्ताओं के कल्याणकारी योजनाओं के प्रणेता के रूप में दायित्व निभाया और यही वजह है कि देश के आठ राज्यों में श्री शुक्ल को वहां की विधिज्ञ परिषद ने अधिवक्ता रत्न से सम्मानित किया, जिससे कोल्हान सहित पूरे झारखंड के अधिवक्ता गौरवान्वित हुए।

इस अवसर पर अभिनन्दन समारोह का संचालन जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव जलेश कवि ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता गोलक बिहारी पति, केपी दुबे, जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष केदार अग्रवाल, पूर्व संयुक्त सचिव भीम सिंह कुदादा, शेफाली मंडल, मनोज कुमार आदि अधिवक्ताओं ने भी श्री शुक्ल का भव्य अभिनंदन किया। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष केदार अग्रवाल ने किया।

प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश से मिले राजेश शुक्ल


झारखंड स्टेट बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने बुधवार को सरायकेला के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह से उनके कार्यालय में भेट की और उन्हें होली की बधाई दी। उन्होंने सरायकेला जिला बार एसोसिएशन में प्राथमिक संरचना बढ़ाने के विषय में विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया। श्री शुक्ल के साथ जिला बार एसोसिएशन के सचिव देवाशीष ज्योतिषी, संयुक्त सचिव जलेश कवि, वरिष्ठ अधिवक्ता केपी दुबे और गोलक बिहारी पति सहित जिला बार एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी भी प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश से मिले।

# झारखंड में 14 से लू का अलर्ट, बरतें सावधानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मार्च माह से ही लू चलने लगेगी। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को अलर्ट जारी किया है। विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि 14 मार्च को राज्य के दक्षिण-पूर्वी भाग एवं 15 और 16 मार्च को पलामू, गढ़वा जिले में लू चलने की आशंका है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को विशेष रूप से कोल्हान प्रमंडल के जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में लू चलने की आशंका व्यक्त की गयी है।

**ये सावधानी बरतने की सलाह:** वहीं लू को लेकर विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है और कहा है कि उपर्युक्त जिलों में लोग दोपहर में निकलने से बचें। साथ ही बच्चे और बुजुर्गों का विशेष रखने को कहा गया है। गर्मी से बचने के लिए छाता और ठंडा पेय का उपयोग करने की सलाह दी गयी है।



वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिन में मौसम साफ रहा और दोपहर में गर्मी का एहसास हुआ। हालांकि सुबह और शाम में अभी भी ठंड का एहसास हो रहा है। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.1 और न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री, जमशेदपुर में 38.6 और 17.4, डालटेनगंज में 39.2 और 16.1 एवं बोकारो में अधिकतम 38.1 और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### लू चलने की ये है वजह

मौसम विभाग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार यह स्थिति देश के पश्चिमी भाग से आने वाली गर्म हवाओं के साथ एंटी साइक्लोन के प्रभावी होने की वजह से पैदा हुई है। विभाग का कहना है कि उपर्युक्त जिलों में तापमान बढ़कर 40 डिग्री हो सकता है। वहीं राज्य के अन्य जिलों में आने वाले दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। रांची और आसपास के इलाकों में भी तापमान बढ़कर 37-38 डिग्री होने की आशंका मौसम विभाग ने व्यक्त की है, जिसमें कोल्हान के जिले शामिल हैं।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में महिला नेतृत्व पर संगोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आइक्यूएसी और फॉलो अप के सहयोग से बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें महिला नेतृत्व की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में 'शी लीड्सः महिलाओं की नेतृत्व में भूमिका' विषय पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गयी। इस चर्चा में कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें डॉ श्वेता रंजन, शिखा चौधरी, सीए श्रद्धा बागला, अरुणा तिर्की और अधिवक्ता सुनीता पांडेय शामिल थीं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका पर अपने विचार साझा किये और छात्राओं को प्रेरित किया।



दूसरे सत्र में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन यात्रा को साझा किया और महिलाओं के नेतृत्व की भूमिका पर प्रकाश डाला। उनके प्रभावशाली शब्दों ने पूरे सत्र को प्रेरणादायक बना दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो इवाना चक्रवर्ती तथा विभाग की प्राध्यापिकाओं, प्रो संध्या भेंगरा और प्रो स्नेहा एस कच्छप का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था, जिससे छात्रों को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# पारसनाथ पर्वत पर अतिक्रमण के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** पारसनाथ पर्वत-सम्मेद शिखर मधुबन में फिर आदिवासी संगठनों ने बुधवार को पर्वत पर अतिक्रमण किये जाने के खिलाफ बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन में हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग महिला-पुरुष पारंपरिक तीर-धनुष, ढोल नगाड़ों के साथ शामिल हुए। प्रदर्शनकारी झारखंड के कई जिलों से आये थे। इनके हाथों में मारंग बुरु जुग जाहेर हमारा है। इसे खाली करो। जैसे स्लोगन लिखे थे।




प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पारसनाथ पहाड़ पर संताल समाज के प्राचीन मारंग बुरू जुग जाहेर थान पूजन स्थल हैं। इस दौरान आदिवासी समाज के पुजारियों के साथ कई लोगों ने बुधवार को भी पूजा-अर्चना की। समाज के लोग मांदर के थाप पर मधुवन बाजार का भ्रमण कर जैन समाज को अतिक्रमण पर रोक लगाने अल्टीमेटम संकेत दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के पूजा स्थल पर अतिक्रमण किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। रामगढ़ से आये प्रदीप सोरेन ने कहा कि पहाड़ के स्वरुप को जैन समाज ने बदल दिया है और इस पर अतिक्रमण हो रहा है।

## भारत ने न्यूयॉर्क में यूएनसीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र में भागीदारी की


# महिला और बाल कल्याण भारत सरकार की प्राथमिकता : अन्नपूर्णा देवी

**महिला एवं बाल विकास मंत्री ने यूएनसीएसडब्ल्यू में महिलाओं एवं बालिकाओं के समग्र विकास के लिए भारत सरकार की पहलों पर राष्ट्रीय वक्तव्य दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने महिलाओं की स्थिति पर आयोग के 69वें सत्र में भाग लिया। इस सत्र का शुभारंभ न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुआ।

अन्नपूर्णा देवी ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में मंत्री स्तरीय फोरम में भारत की ओर से अपना राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। उन्होंने लैंगिक समानता पर भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए परिवर्तनकारी 'संपूर्ण-सरकार' और 'संपूर्ण-समाज दृष्टिकोण' के साथ उनसे जुड़ी चिंता के 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित किया है। उन्होंने प्रमुख योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभावों का भी उल्लेख किया, जिन्होंने महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और आर्थिक अवसरों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।





केंद्रीय मंत्री ने भारत सरकार की निरंतर रूप से जारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और मंत्री स्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में लैंगिक समानता और महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकता वाले विषय-सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान देने के उद्देश्य से बीजिंग प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन के कार्यान्वयन के लिए पुनः प्रतिबद्धता, संसाधन उपलब्ध कराना और इसमें तेजी लाने पर चर्चा की गयी।

**बच्चों का कल्याण हमारे देश की प्रगति का मूल**

मजबूत कार्यान्वयन और पहुंच की आवश्यकता पर बल देते हुए मंत्री ने यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार के संकल्प को दोहराया कि प्रत्येक महिला और लड़की को उनके अधिकारों तक पहुंच सुनिश्चित हो। मंत्री ने कहा कि महिलाओं और बच्चों का कल्याण हमारे देश की प्रगति का मूल है। बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में कार्य कर रहे हैं जहां हर महिला सशक्त हो और हर बच्चे का पालन-पोषण सुरक्षित और सहायक वातावरण में हो। इस सत्र में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों, अंतर-सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र, हितधारकों, शिक्षाविदों, नागरिक समाज, महिला समूहों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों की व्यापक स्तर पर भागीदारी रही। सीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र में उन्होंने लैंगिक समानता और सामाजिक कल्याण पर सहयोग को मजबूत करने के लिए मेलरोज कामिंर्टी (सिएरा लियोन), सोडिक एस सफोएव (उजबेकिस्तान), डॉ विंध्या पर्साड (गुयाना) और एंटोनिया ओरेलाना ग्वारेलो (चिली) सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लिया। सीएसडब्ल्यू एक प्रमुख वैश्विक अंतर-सरकारी निकाय है और यह लैंगिक समानता, अधिकारों और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से समर्पित है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (इसीओएसओसी) के कार्यात्मक आयोग के एक सत्र का आयोजन 10 से 21 मार्च, 2025 तक किया जा रहा है।

# गिरिडीह में नौवीं के छात्र की नदी में डूबने से मौत

**परीक्षा देने के बाद दोस्तों संग नहाने गया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह में बुधवार को बराकर नदी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गयी। मृतक छात्र नौवीं कक्षा का था। जानकारी के अनुसार, वह अपनी वार्षिक परीक्षा देने के बाद दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था और इसी दौरान वह डूब गया। यह घटना सरिया थाना क्षेत्र के राजदाह धाम में हुई। मृतक की पहचान अनमोल पासवान के रूप में की गयी है। अनमोल के दोस्तों ने बताया कि परीक्षा के बाद सभी राजदाह धाम घूमने गये थे, और वहां सभी ने नदी में नहाने का फैसला किया। सबने नदी में कूदने का प्रयास किया, लेकिन इसी दौरान अनमोल गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जब दोस्तों ने देखा कि आधे घंटे तक अनमोल बाहर नहीं आया, तो उन्होंने मदद के लिए शोर मचाना शुरू किया।



आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अनमोल की तलाश शुरू की। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीपीओ और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अनमोल को तुरंत एसडीपीओ की गाड़ी से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





वेदर


| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.1 °c | 17.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.01 बजे |



## स्वास्थ्य मंत्री ने 166 लोगों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार बहाली जल्द होगी : इरफान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बुधवार को विभाग के नवनियुक्त कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया। बता दें कि सभी कर्मचारी की बहाली अनुबंध पर की गयी है। इस कार्यक्रम में कुल 166 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, ओटी टेक्नीशियन और दंत चिकित्सक के पदों पर बहाली हुई है। मंत्री इरफान अंसारी ने इस दौरान कहा कि झारखंड में बहुत जल्द स्वास्थ्य विभाग में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। डॉक्टर की कमी से भी सरकार जल्द निपटेगी। आने वाले समय में स्वास्थ्य विभाग और भी नियुक्ति करने जा रहा है। सभी जिले से रिक्वायरमेंट मांगा गया है। आने वाले समय में करीब 10 हजार नियुक्ति होने जा रही है। रिटायर्ड डॉक्टर की भी सेवा ली जायेगी। कॉलेज में पढ़ने के बाद 3 साल काम करना पड़ेगा। ऐसा नियम बनाया जायेगा।

रिम्स के लोड को कैसे कम किया जाये इसपर भी विभाग काम कर रहा है। आने वाले दिनों में कई मेडिकल कॉलेज, डॉक्टर की सीट भी बढ़ायी जायेगी। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी रोबोटिक टेक की मदद से झारखंड के लोगों का इलाज होगा। जल्द मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी होगी। 108 एंबुलेंस की संख्या में बढ़ेगी। बाइक एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जा रही है ताकि जहां बड़ी एंबुलेंस नहीं जा सकती वहां बाइक एंबुलेंस का इस्तेमाल किया जायेगा। हर जिले में हेलिकॉप्टर एंबुलेंस की सेवा शुरू होगी। प्राइवेट हॉस्पिटल में मरीज के मरने के बाद अनाप-शनाप बिल दे देते हैं। ये परिजन के लिए पीड़ादायक होता है। प्राइवेट हॉस्पिटल को मरीजों के प्रति सहानुभूति होनी चाहिए। प्राइवेट हॉस्पिटल ने इलाज को कॉमर्शियल कर दिया है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि जब मरीज की मौत हो जाती है तो शव को बिना बिल लिये छोड़ दिया जाये। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त कर्मचारी को बधाई दी।

### 166 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया

- 56 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी
- 24+17 चिकित्सा पदाधिकारी
- 57 ओटी टेक्नीशियन
- 11 डेंटल सर्जन
- 1 विधि परामर्शी

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जेपीएससी अध्यक्ष एल खियांग्ते ने की मुलाकात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एल खियांग्ते ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# राज्यपाल से विभिन्न संगठनों के शिष्टमंडल मिले

## जेटीइटी परीक्षा, कुर्मी आरक्षण और वृद्धाश्रम पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को विभिन्न संगठनों के शिष्टमंडलों ने राजभवन में मुलाकात की और विभिन्न मांगों को लेकर पहल करने का आग्रह किया। महिपाल महतो के नेतृत्व में प्रशिक्षित शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने राज्य में जेटीइटी परीक्षा के आयोजन को लेकर राज्यपाल से पहल करने का अनुरोध किया। वहीं, हरेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में एक अन्य शिष्टमंडल ने कुर्मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की। इसके अलावा, नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने एनसी कर्जी के नेतृत्व में राज्यपाल से भेंट कर वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# बलूच लड़ाकों के कब्जे में अब भी 59 बंधक

**पाकिस्तानी अफसर बोले, विद्रोही बम लगे जैकेट पहने हैं, इससे रेस्क्यू में मुश्किल**

**एजेंसी**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सेना और बलूच लड़ाकों के बीच पिछले 24 घंटे से लड़ाई जारी है। पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने 27 लड़ाकों को मार गिराया है। बलूचों से 214 बंधकों में से 155 को छुड़ा लिया है। 59 अभी भी कब्जे में हैं। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एयरफोर्स और सेना के जवान बलूच लड़ाकों को घेरे हुए हैं। विद्रोही विस्फोटक से लदे आत्मघाती जैकेट पहने हुए हैं, इससे बाकी बंधकों को रिहा कराने में मुश्किल हो रही है। वे इन्हें मानव शील्ड की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को दोपहर 1 बजे जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाइजैक कर लिया था। 30 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा भी किया और 214 यात्रियों को बंधक बनाया था। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने ट्रेन से लोगों को रेस्क्यू किया। बीएलए ने जेल में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादियों की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। हमले के कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी सेना ने पैसेंजर्स की रिहाई के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लड़ाकों पर ड्रोन और हेलिकॉप्टर से हमला किया।

27 बलूच लड़ाके मारे गए। 155 पैसेंजर्स को रिहा कराया गया। सेना का ऑपरेशन अभी भी जारी है। पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि हम ऐसे जानवरों से कोई समझौता नहीं करेंगे, जिन्होंने बेकसूर यात्रियों पर गोलीबारी की।

# झामुमो में धनबाद के कई लोग हुए शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा(झामुमो) के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में धनबाद के कई लोग शामिल हुए। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर झामुमो में शामिल कराया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में बलराम महतो, महादेव दास, रूपा देवी, सविता देवी, चांदनी देवी, सुरेश महतो, जीतू बाउरी, संतोष प्रसाद, रणधीर विश्वकर्मा, अमित दास, प्रवीण शर्मा, दीपक शर्मा, सोनू सिंह समेत अन्य शामिल थे। इस अवसर पर पार्टी के धनबाद जिला के संयोजक प्रमुख लखी सोरेन, संयोजक मन्नू आलम और मुकेश सिंह उपस्थिति थे।

# 14 और 15 मार्च को बंद रहेगा रिम्स का ओपीडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रिम्स का ओपीडी 14 और 15 को बंद रहेगा। रिम्स प्रशासन ने एक सूचना जारी कर यह जानकारी दी है। जारी सूचना के मुताबिक, इस दौरान इमरजेंसी सेवा, फोरेंसिक मेडिसिन, रेडियोलॉजी विभाग और पाकशाला अन्य दिनों की तरह की खुला रहेगा।

जारी सूचना के मुताबिक, होली को लेकर 14 मार्च को छुट्टी घोषित है। इसलिए ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी।

जबकि 15 मार्च को भी ओपीडी सेवा बंद रखने का फैसला लिया गया है। दोनों दिन ओपीडी के अलावा निदेशक कार्यालय, चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, सभी विभाग, पुस्तकालय, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, पैथोलॉजी विभाग, जीव रासायन विभाग, एमआरडी और सेंट्रल पैथोलॉजी विभाग बंद रहेगा।

## होली पर 14 और 15 मार्च को कूरियर सेवाएं बंद रहेंगी




**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कूरियर एसोशिएसन के पदाधिकारियों की एक बैठक एसोशिएसन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से होली के अवसर पर अवकाश की चर्चा की गयी। बैठक का संचालन सचिव प्रदीप राजगढ़िया ने किया। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार होली के अवसर पर सभी कूरियर कंपनियां 14 मार्च (शुक्रवार) और 15 मार्च (शनिवार) को बंद रहेंगी। इसके अगले दिन 16 मार्च को रविवार की साप्ताहिक बंदी है। इसके पूर्व 13 मार्च को होलिका दहन के दिन कूरियर के कार्यालय समय से पूर्व जल्दी ही बंद हो जायेंगे और काम प्रभावित रहेगा। इस प्रकार होली पर कूरियर सेवाएं लगातार चार दिनों तक प्रभावित होंगी। बैठक में अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने कहा कि सभी झारखंड वासियों और रांची वासियों को होली की शुभकामनाएं। सौहार्द्रपूर्वक सभी मिलजुल कर होली का पर्व मनायें। बैठक में प्रेम मित्तल, प्रदीप राजगढ़िया, दीपक कुमार पंकज, सुरेश शर्मा, बसंत मुरारका, गंगेश ठाकुर, राजीव सिंह आदि उपस्थित थे।**

# शुगर, बीपी कंट्रोल करें और भरपूर पानी पीयें: डॉ अशोक कुमार वैद्य

**विश्व किडनी दिवस : पारस हॉस्पिटल के डॉक्टर ने किडनी की जांच कराने की सलाह दी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** विश्व किडनी दिवस पर पारस हॉस्पिटल एचइसी के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ अशोक कुमार वैद्य ने कहा कि हर साल मार्च माह के दूसरे गुरुवार को किडनी दिवस मनाया जाता है। इस साल किडनी दिवस 13 मार्च को मनाया जा रहा है। इस बार विश्व किडनी दिवस 2025 की थीम है, क्या आपकी किडनी ठीक है? समय रहते पता लगायें, किडनी के स्वास्थ्य की रक्षा करें। यह किडनी की गंभीर बीमारी से पहले उसे पहचानने के लिए किडनी जांच की अहमियत पर जोर देता है।

डॉ वैद्य ने बताया कि किडनी पूरे शरीर के रासायनिक संतुलन को बनाये रखने का काम करती है और यह शरीर के विषाक्त तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है। झारखंड में किडनी से संबंधित बीमारियों में निरंतर वृद्धि हो रही है और ऐसे में लोगों को जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किडनी रोग से बचने के लिए शुगर और बीपी को नियंत्रित करना बेहद जरूरी है। साथ ही भरपूर पानी पीना चाहिए। बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी दवा का सेवन, विशेषकर पेन किलर्स के सेवन से बचना चाहिए। जंक फूड से दूर रहना और प्रतिदिन 2 से 2.5 किलोमीटर पैदल चलना चाहिए। इसके अलावा, नियमित रूप से एक्सरसाइज और खानपान पर ध्यान देना चाहिए।

डॉ वैद्य ने यह भी कहा कि 30 साल से ऊपर की उम्र के लोगों को हर साल एक बार किडनी की जांच जरूर करवानी चाहिए, खासकर यदि घर में शुगर, बीपी या किडनी से संबंधित कोई बीमारी हो। अगर शरीर में सूजन या फूलने जैसी समस्या हो तो यह भी किडनी की बीमारी का संकेत हो सकता है, जिससे किडनी की जांच जरूरी हो जाती है।

पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने बताया कि पारस हॉस्पिटल में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है, और यहां हर महीने 1800 से अधिक मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है, जिससे किडनी रोगियों को काफी राहत मिल रही है।

पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने बताया कि एचइसी और आसपास के इलाकों के किडनी रोगी अब बिना दूर गये पारस हॉस्पिटल में डायलिसिस की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। यहां किडनी से संबंधित सभी रोगों का इलाज अनुभवी एवं प्रख्यात डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है।

# सीयूजे में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का बुधवार को समापन हुआ। संगोष्ठी का विषय था क्लीन एनवायरमेंट इनविजनड टुवर्ड्स विकसित भारत। इस आयोजन में पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान पर गहन विचार-विमर्श किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो अरविंद चंद्र पांडेय, पूर्व संकाय प्रमुख, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संकाय ने इस सेमिनार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि दो दिनों की चर्चा से कई विज्ञान-आधारित समाधान उभरकर सामने आये, जो वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और आम जनता के लिए उपयोगी होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रो रतन कुमार डे (डायरेक्टर-आइक्यूएसी) ने सीयूजे के पर्यावरण विज्ञान विभाग के कार्यों की सराहना की। समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संकाय ने की। उन्होंने विभाग की गतिविधियों और सफल प्रयोगों की जानकारी दी।

### प्रतिष्ठित संस्थानों से विद्वानों की भागीदारी

**संगोष्ठी संयोजक एवं पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो भास्कर सिंह ने सेमिनार की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 50 शोध-पत्र प्रस्तुत किये गये। इस संगोष्ठी में सीएसआइआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च, आइसीएफआरइ - इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट प्रोडक्टिविटी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, बीआइटी मेसरा, इग्नू, केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार और रांची विश्वविद्यालय सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञ और शोधार्थी शामिल हुए।**

# एसबीयू के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक विजिट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के बीटेक (छठे और आठवें सेमेस्टर), डिप्लोमा (छठे सेमेस्टर) इइ एवं इसीइ के विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण के तहत रांची स्थित उषा मार्टिन लिमिटेड का दौरा किया। इस भ्रमण के दौरान छात्रों को कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। 1960 में स्थापित इस कंपनी ने अपनी अत्याधुनिक निर्माण सुविधाओं और वैश्विक वितरण केंद्रों में आधुनिक तकनीक को अंगीकृत कर सशक्त वैश्विक उपस्थिति दर्ज की है। दुनिया की सबसे बड़ी वायर रोप निर्माण इकाइयों में से एक ऊषा मार्टिन कंपनी सौ एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली हुई है।

अत्याधुनिक और उच्च-क्षमता वाली मशीनों से सुसज्जित इस कंपनी में उत्पादित वायर रोप्स का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऑयल एंड ऑफशोर, माइनिंग, क्रेन, लिफ्ट, एरियल रोपवे, निर्माण, मछली पकड़ने आदि में किया जाता है।

भ्रमण के दौरान उषा मार्टिन लिमिटेड के जीएम-कॉरपोरेट अफेयर्स, सीएसआर और इएसजी एवं मीडिया रिलेशंस डॉ मयंक मुरारी, डिप्टी जीएम-एचआरडी अरविंद कुमार और सुरक्षा प्रमुख अरमान ने छात्रों को कंपनी की प्रोफाइल, वैश्विक उपस्थिति, निर्माण प्रक्रिया और सीएसआर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। विजिट के दौरान एसबीयू के विद्यार्थियों के साथ विवि के डॉ दुर्गेश कुमार, डॉ शुभम सहाय, डॉ राहुल प्रकाश और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के अमित नाथ चरण उपस्थित रहे।

नित नये बदलते औद्योगिक परिप्रेक्ष्य और तकनीक के संदर्भ में विद्यार्थियों को अद्यतन जानकारी देने के लिए एसबीयू द्वारा समय-समय पर विवि के विद्यार्थियों को औद्योगिक विजिट करवाया जाता रहा है। ऐसे दौरों से विवि का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉरपोरेट वर्ल्ड से रूबरू होने का बेहतर अवसर प्रदान करना है।

एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विजिट के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## समाजसेवी गिरिजा साव की जयंती मनी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के गिरिजा नायक मेमोरियल स्कूल के वर्षगांठ के अवसर पर समाजसेवी स्व गिरिजा साव की 74 वी जयंती मनायी गयी। समारोह में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर केक काटा और समाजसेवी स्व गिरिजा साव द्वारा समाजहित में किये गये कार्यो पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। विद्यालय के निदेशक छोटीलाल प्रसाद ने प्रतिभागियों के बीच पारितोषिक वितरण किया, उन्होंने कहा कि स्व गिरिजा साव लंबे समय तक झामुमो की राजनीति की पूर्व विधायक स्व टेकलाल महतो के साथ झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में कदम से कदम मिलाकर संघर्ष किया। विष्णुगढ़ 20 सूत्री अध्यक्ष पद पर भी रहे। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ योगेंद्र कुमार, महेश प्रसाद, झामुमो नेता गौरव पटेल, विजय प्रसाद, अजय प्रसाद, संजय प्रसाद, यमुना प्रसाद, बालिका देवी, अंजू देवी, मंजू देवी, यशोदा देवी, सुनीता गुप्ता, नवल किशोर, गुरु प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद सिंह, टेकोचंद महतो, बालेश्वर पटेल, गिरिजा नंदन चौधरी आदि उपस्थित थे।

## बरियौन में क्षत्रीय समाज की हुई बैठक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम बरियौन, कटघरा और अलगडीहा प्रक्षेत्र में क्षत्रीय समाज की बैठक भीखी सिंह की अध्यक्ष में हुई। बैठक के प्रभारी के रूप में क्षत्रीय समाज के केन्द्रीय कार्यकारणी के सचिव अवधेश सिंह के देख रेख में हुई ।जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह उपाध्याय संजय सिंह सचिव विक्रम सिंह कोषाध्यक्ष शिव कुमार सिंह को चयन किया गया। मौके पर वरिष्ठ अभिभावक शिक्षक अम्बिका सिंह, राजेन्द्र सिंह, शशि सिंह, विजेंद्र सिंह, सुबोध सिंह, प्रेम सिंह, किशोर सिंह और अन्य क्षत्रीय बंधु के लोग उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन



**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सारुकुदर में भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने सारूकुदर पंचायत के मंगरो में विधुत ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन। बताते हैं कि मंगरो गाव में एक माह पूर्व ट्रांसफार्मर जलने से लोग अंधेरे में थे सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर सम्बन्ध विभाग से ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल कोषाध्यक्ष भोला साव, रिंकू साव, लोकन साव, संजय साव, सचिन कुमार, राहुल साव, अशोक कुमार, अजय साव, रामेश्वर महतो, भुनेश्वर साव, हरिलाल साव, सुदामा साव, नंदलाल साव, काली साव, दीपूलाल साव, कामेश्वर साव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्कूल में 9वीं और 11वीं कक्षा के परिणाम घोषित




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल, झुमरीतिलैया ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। विद्यालय में कक्षा 9वीं और 11वीं के परिणामों की घोषणा के साथ-साथ ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 9वीं में राजवीर मोदी, पीयूष राज, आयुष कुमार, मानसी ऐश्वर्यम और सौरभ रंजन ने शीर्ष 5 स्थान प्राप्त किए। वहीं कक्षा 11वीं में खुशी कुमारी शर्मा, अफरीन प्रवीन, सुमित कुमार, शिवानी कुमारी और मिस्टी राज ने शीर्ष स्थान हासिल किया। इन मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने सम्मानित किया। विद्यालय में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये और उन्हें उनके अगले शैक्षणिक सफर के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे विद्यार्थियों के लिए गर्व और नई प्रेरणा का दिन है। निदेशक प्रमोद कुमार, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर क्लास टीचर मनोज पांडेय, अभिलाषा सिंह, सतीश कुमार, परीक्षा इंचार्ज सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, दीपक सर्राफ, एमडी शाहिद आलम सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## स्वास्थ्य केंद्र में दीदी कैफे की शुरुआत



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे बुधवार को दीदी कैफे (कैंटीन) की शुरूआत की गयी। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीडीओ हुलास महतो, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, समाजसेवी रविशंकर तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उक्त कैंटीन का संचालन महिला समूह के लक्ष्य महिला मंडल की सदस्य सावित्री देवी द्वारा संचालित किया जायेगा। मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप बैठा ने कहा कि समुदायिक स्वास्थ केंद्र मे प्रतिदिन मरीजों का आना जाना लगा रहता है। और अस्पताल में डिलीवरी तथा अन्य बीमारियों से ग्रसित लोग आकर इलाज के लिए इस अस्पताल में भर्ती भी होते हैं। जिनके लिए यह अब कैंटीन बहुत ही लाभ पहुंचायेगा। अब अस्पताल के ही अंदर मरीजों को खाने पीने के लिए सभी चीजें उपस्थित रहेंगी। मौके पर डॉ प्रदीप बैठा, डा.आकांक्षा, डॉ श्रीकांत, जेई निखिल कुमार, सतीश सिंह, मनोज सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, मनोज सिंह, गंगाधर दास, सतीश बरनवाल, नीरज साव, शंभू कुमार, सलोनी कुमारी, रीता शर्मा, अर्जुन महतो, देवानंद दास समेत कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** भाजपा कार्यालय बरकट्ठा में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विधायक अमित कुमार यादव की अध्यक्षता में की गयी। इस दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओं को अबीर- गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस समारोह में बरकट्ठा, चलकुशा, जयनगर, इचाक समेत अन्य जगहों के लोग शामिल होकर हर्षोल्लास के साथ मनाया।



विधायक ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि यह समाज में एकता, प्रेम और भाई चारे को मजबूत संदेश देता हैं। होली मिलन समारोह संगीत और हास्य व्यंग्य से भरी प्रस्तुति ने माहौल को ओर खुश नमा बना दिया। विधायक ने कार्यकर्ताओं ओर जनताओं के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की। साथ ही सभी लोगों ने रंग गुलाल लगाकर ओर मिठाइयां खाकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस मौके पर जयनगर विधायक प्रतिनिधि रामजी यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष टूकलाल नायक, रीतलाल नायक, अनिल आजाद, राजकुमार यादव, सुरेंद्र साव समेत सैकड़ों जनता शामिल थे।

# हजारीबाग पोल्ट्री संघ के होली मिलन समारोह में जम कर उड़े अबीर-गुलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हवाई अड्डा स्थित ग्रीन पार्क होटल में हजारीबाग पोल्ट्री संघ का होली मिलन समारोह हुआ। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संतोष मंडल ने किया। सबसे पहले उपस्थित संघ के सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने पोल्ट्री संबंधी आने वाली समस्या और समाधान पर चर्चा किया। भंडारी ग्रुप के राजेश भंडारी उर्फ बबलू भंडारी ने कहा कि हजारीबाग के साथ-साथ पूरे देश में पोल्ट्री व्यवसाय में लाखों लोग जुड़े हुए है। जिससे उनका व्यवसाय और घर चल रहा है। हम सबों को इस व्यवसाय को और बढ़ाते हुए संघ को मजबूत करना है। साथ ही कहा कि पोल्ट्री



व्यवसाय को झारखंड सरकार का सहयोग चाहिए ताकि इससे जुड़े व्यवसाई को सब्सिडी मिल सके। वहीं मेहता फीड्स के निदेशक उमेश मेहता ने कहा कि पोल्ट्री व्यवसाई के लिए मैं लगातार प्रयासरत रहता हूं कि उनको सरकारी योजना का लाभ मिले इसके लिए झारखंड सरकार के मंत्री से भी मुलाकात किया था। वहीं अध्यक्ष संतोष मंडल ने कहा कि आज हम सभी होली मिलन समारोह का आयोजन कर रहे है। क्योंकि होली हमारे सभ्यता और संस्कृति से जुड़ा है। बंटी देव, छोटन प्रसाद मेहता, अजय कुमार, महेंद्र प्रसाद मेहता, विनय कुमार मेहता, सुधीर सिंह, मनोज मेहता, अशोक अग्रवाल, उमाकांत साहू ने भी अपनी बात रखते हुए सबों को होली की बधाई दी। मौके पर बड़ी संख्या में संघ के सदस्य और पोल्ट्री से जुड़े व्यावसायी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। बुधवार की दोपहर कोडरमा थाना क्षेत्र के चिगलाबार में सवारी गाड़ी पलटने से चार युवती घायल हो गयी। घायलों की पहचान ज्योति कुमारी उम्र 14 वर्ष पिता राजेंद्र राणा ग्राम पिपचो, साल्या एकराम उम्र 14 वर्ष पिता इकराम खान, ग्राम पिपचो, नेहा कुमारी उम्र 15 पिता अनवर अंसारी, कल्पना कुमारी उम्र लगभग 15 वर्ष ग्राम सभी पिपचो जयनगर के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी कई छात्राएं सवारी गाड़ी में सवार होकर आरएलवाई कॉलेज से परीक्षा देकर पिपचो की तरफ जाने के दौरान चिगलावार के समीप बोलेरो के चकमा दे देने से सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवारी गाड़ी में सवार चार छात्राएं घायल हो गयी। कई लोगों को हल्की-फुलकी चोट लगी है। सभी पिपचो के एडमंट ग्लोबल स्कूल की छात्रा है। सभी घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया।**

## मजदूर का शव बरामद

**डोमचांच(आजाद सिपाही)। डोमचांच थाना क्षेत्र के ताराटांड़ में बुधवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव एक खेत में मिला। शव को देखने से प्रतीत हुआ कि मजदूर किस्म का है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक मंगलवार की रात पत्थर क्रशर मशीन में आ गया था। लोगों का आरोप है कि क्रशर संचालक ने घटना के बाद शव को खेत में फेंक दिया। मृतक के कपड़ों पर ग्रीस और इंजन ऑयल के निशान मिले हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी मशीन का काम करता था। दुर्घटना में मृतक का पैर शरीर से अलग हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे.शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक की पहचान और मौत के कारणों की जांच की जा रही है। बाद में मृतक की पहचान दरको टुडू पिता सीमन टुडू ग्राम फुटका बेलवा घाटी देवरी थाना जिला गिरिडीह के रूप में की गयी है। मृतक वीरेंद्र यादव पुरनाडीह निवासी के क्रेशर में 10 वर्षों से कम कर रहा था। मामले की।लीपापोती के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।**

### रामनवमी संरक्षण समिति ने किया होली मिलन समारोह

# नशामुक्त होली मनाने का संकल्प लें युवा : प्रशांत कुमार प्रधान




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी संरक्षण समिति हजारीबाग ने बुधवार को मालवीय मार्ग स्थित बड़ा अखाड़ा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने किया। होली मिलन समारोह के दौरान होली खेले रघुवीरा अवध में, रंग बरसे, जैसे पारंपरिक गीतों पर संरक्षण समिति सदस्यों ने जम कर मस्ती किया साथ ही साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। वहीं पारंपरिक व्यंजन कचरी, बर्रा, धुस्का, पकौड़ी, मालपुआ का लुफ्त उठाया। होली मिलन समारोह के दौरान रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हजारीबाग सहित देश के लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि यह त्यौहार आपसी प्रेम का प्रतीक है इसे सौहार्द पूर्वक मनाएं आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग में होली का एक अलग ही उत्साह होता है उसका मुख्य कारण है कि होली के साथ साथ हजारीबाग में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त रामनवमी का आगाज भी होता है। होली और रामनवमी का त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। इस मौके पर रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत प्रधान, महंत विजयानंद दास, राजकुमार यादव, पिंटू सिन्हा, राकेश सिन्हा, संजू सिंह, पिंटू पहलवान, भगत कुमार, पवन गुप्ता, कुशल सिन्हा, धर्मेंद्र शुक्ला, राजेश पहलवान, अमरेश सिंह, अनमोल साव, सूरज प्रकाश, ओम प्रकाश गोप, राजेश गोप, बीरू सिंह, अजय दास, शशांक शेखर, संदीप सौरभ, आशीष कुमार सिन्हा समेत कई उपस्थित थे।

# झुमरीतिलैया में होलिका दहन स्थल पर इको फ्रेंडली कार्यक्रम का होगा आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** रंगों का त्योहार होली हर किसी के लिए खास है। झुमरीतिलैया में होली पर्व को लेकर मारवाड़ी समाज की महिलाएं खास परंपरा निभाते हुए विधि विधान से पूजा पाठ करती हैं और समाज की सुख-समृद्धि के लिए कामना करती हैं। मारवाड़ी महिलाएं भी सदियों से एक खास परंपरा निभा रही हैं। इस परंपरा और विधि-विधान वाली पूजा को महिलाओं ने बड़कुल्ला नाम दिया है। होलिका दहन स्थल पर होलिका पूजा के साथ ढाल के स्थापित कर परिक्रमा कर होली पर्व पर इसकी पूजा की जाती है। दिनभर व्रत रहने के बाद शाम को



फिर इसकी पूजा कर महिलाओं द्वारा व्रत तोड़ा जाता है। 13 मार्च को स्टेशन रोड स्थित अलका चौक के पास इको फ्रेंडली होलिका दहन के लिए कोडरमा गौशाला समिति और मारवाडी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के द्वारा गौशाला में निर्मित बडकुल्ले और गौकास्ट उपलब्ध करा रही है। ताकि लकडी का प्रयोग के जगह लोग गौ कास्ट का प्रयोग करें। इसके लिए गौशाला समिति या प्रेरणा शाखा के पदाधिकारी और सदस्यों से शहर और जिला के कोई संस्था होलिका दहन के लिए गौकास्ट मंगा सकती है।

**बड़कुल्ला पूजा का महत्व:** मयूमा के प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लडढा ने बताया कि इस पूजा का महत्व बुराई पर अच्छाई की जीत है। होली के एक सप्ताह पहले हम सब बडकुल्ले बनवाते हैं, जो गोबर से तैयार होते हैं। एकादशी को हम खेल खिलौने बनाते हैं। होली माता की मूर्ति बनाते हैं। होली वाले दिन माला बनाकर हम सब फिर परिक्रमा करते हैं। नए-नए पकवान तैयार करते हैं। दिनभर व्रत रहने के बाद शाम को पूजा पाठ के बाद इस व्रत का परायण करते हैं। इसे हम सबने बड़कुल्ला नाम दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे अंदर जो बुराइयां हैं, वह खत्म हो सकें। इसके लिए मारवाड़ी समाज के लोग इस परंपरा को वर्षों से निभा रहे हैं। श्रेया केडिया, कृतिका मोदी, काजल गुप्ता, शीतल पोददार ने बताया यह पूजा हम अमावस्या के समय से ही करते हैं और बेटे की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखने की परंपरा निभाते हैं।

## तैलिक समाज का होली मिलन समारोह



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड कमेटी तैलिक समाज के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इचाक प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिला तैलिक समाज के वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरूष उपस्थित हुए। सबों ने एक दूसरें को रंग अबीर-गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में इचाक प्रखंड अध्यक्ष महेश साव, सचिव रामू साव, कोषाध्यक्ष गणेश नारायण गुप्ता, युवा सचिव कमल कुमार गुप्ता, पप्पू साव, जिला सदस्य शंकर साव, ज्ञानी साव, छत्रु साव, अर्जुन साव, दीपक साव, शयाम लाल साव, सिटा साव, पुनीत साव, सुनीता देवी ने योगदान दिया।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ठाकुर मुहल्ला रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन निर्देशक संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें शिक्षक और छात्र -छात्राओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा की होली का त्योहार सभी भेदभाव को छोड़कर समाज के लोगों को एकजुट और आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। वहीं स्कूल के उपनिर्देशक पिंटू कुशवाहा दिनकर और प्राचार्य कैलाश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों से अपील किया कि हर्बल होली खेले और पानी को बचायें क्योंकि पानी हमारे आने वाले भविष्य के लिए काफी उपयोगी है पानी का दुरुपयोग ना करें। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, उप प्राचार्य पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनंद कुमार पासवान, मुकेश कुमार, सोनू कुमार, दिलेश्वर कुमार, महेंद्र कुमार, देवंती देवी, अंजली मिश्रा, स्नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, अंजनी कुमारी, गंगा भारती, आशीष यादव, सुभाष प्रसाद, ऋषभ अग्रवाल, सुमित कुमार, ओम कुमार, सचिन दोस्त, राजेश कुमार रवि, अनु कुमारी, दुर्गा देवी, संजू देवी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया पंचायत भवन में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संचालन मुखिया संघ के अध्यक्ष और स्थानीय मुखिया सुरेश यादव ने किया। होली मिलन समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। साथ ही मुखिया सुरेश यादव ने लोगों को होली पर्व की विशेषता और महत्ता को बताया। उन्होंने लोगों से प्रेम और शांति का प्रतीक होली पर्व को दिल से भेदभाव को निकाल कर मनाने का अपील किया। कार्यक्रम के दौरान लोग फगुआ गीतों पर जमकर झूमे और पुआ-पकवान का लुत्फ उठाया। मौके पर राजू यादव, कन्हाय राम, राजेंद्र साव, मुकेश यादव, बिनोद अगेरिया, प्रकाश साव, राहुल यादव, शंकर प्रसाद, फागु यादव, सहदेव गोप, संजय साव, संतोष यादव, कुंदन सिंह, रामचंद्र यादव, अनिल मेहता, अजीत कुमार दास, बालेश्वर साव, प्रबील प्रसाद, महादेव ठाकुर, नारायण महतो, राहुल कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## होली मिलन सह वनभोज कार्यक्रम



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़वा महादेव परिसर के डुमारो नदी में बड़कागांव पंचायत समिति ने होली मिलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल और अंचलाधिकारी मनोज कुमार शामिल हुए। होली मिलन समारोह में पारंपरिक व्यंजन और ढोल-मंजीरा के साथ पारंपरिक होली गीत गाकर मनोरंजन किया गया। प्रमुख फुलवा देवी और उप प्रमुख बचनदेव कुमार ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है जिसमें सभी लोग आपसी दुश्मनी को बुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं देते हैं। साथ ही बड़कागांव वासियों को तिलक होली खेलकर पानी बचत करने का संदेश दिये। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, बीडीओ जितेंद्र कु मंडल, सीओ मनोज कुमार, एमओ भास्कर राज, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइंया, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, समाजसेवी दिनेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, रितेश ठाकुर, प्रभु राम रंजीत चौबे गणेश उर्मिला कुमारी, मालती कुमारी, कोशिला कुमारी, रमणिका कुमारी, सुनीता देवी, राखी कुमारी, संगीता कुमारी, मेघा कुमारी, गिरधारी साव, बृजेश कुमार, संतोष मेहता, प्रदीप महतो, मिथलेश साव, मुनेश्वर गंझू, संदीप चौधरी के अलावा कई लोग उपस्थित थें।

## नाई सैलून संघ का होली मिलन समारोह



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां राममंदिर के समीप धर्मशाला में मंगलवार को नाई सैलून संघ ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल कर होली का त्योहार मनाने की अपील की। डीजे की धुन पर जमकर खूब थिरके, साथ ही लजीज व्यंजन का पूरा लुप्त उठाया। इस अवसर पर नाई सैलून संघ के अध्यक्ष कुंदन शर्मा ने कहा कि होली में जैसे सभी रंग मिलकर एक हो जाते हैं, ठीक उसी तरह सारे मतभेद भुलाकर हम सभी को एक होने का जरूरत है। मौके पर प्रकाश ठाकुर, उपेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, महेंद्र ठाकुर, संतोष शर्मा, सोनू शर्मा, दीपू शर्मा, संजय ठाकुर, मनीष ठाकुर, टिंकू ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, विनोद ठाकुर, विकास ठाकुर,गोपाल ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, हरिओम ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर समेत काफी संख्या में नाई समाज के लोग मौजूद थे।

## तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** घुटूवा बस्ती लाइन पार स्थित तालाब में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की अहले सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में शव को देखा और पुलिस को सूचित किया। घटनास्थल पर पहुंची बरकाकाना ओपी पुलिस ने लोगो की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला और पूछताछ किया। पुलिस द्वारा छानबीन में मृतक की पहचान सत्तर वर्षीय सिरका निवासी सफीक मियां पिता कारू मियां के रूप में हुई। तदोपरांत मामले की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच कर शव की पहचान की। परिजनों ने बताया कि सफीक मियां मानसिक रूप से विक्षिप्त थें और बीते शनिवार से लापता थे। शनिवार के दिन कुछ कहे घर से निकल गये और वापस नहीं लौटे। खोजबीन के बाद भी उनका कही पता नहीं चल पाया था। मौके पर उपस्थित बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने कहा घटना को लेकर जांच जारी है। बरकाकाना ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## बरलंगा थाना में अशोक महतो ने दिया योगदान



**गोला (आजाद सिपाही)।** बरलंगा थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में अशोक कुमार महतो ने बुधवार को योगदान दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना पहली प्राथमिकता होगी। यह प्रयास रहेगा कि क्षेत्र शांति और भयमुक्त रहे। अवैध कारोबार पर पूरी तरह से सख्त रवेया रखा जायेगा। थाना से सीधे लोग जुड़े। अपना समस्या को बेझिझक थाना में आकर रखे। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। उल्लेखनीय है कि सरगडीह के एक युवक कि पिटाई में थाना प्रभारी विकास आर्यन को विधायक के हस्तक्षेप के बाद निलंबित किया गया है।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**गोला (आजाद सिपाही)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बर लंगा थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी समरेश भंडारी ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और प्रशासन को जानकारी देने की अपील की। कहा शुक्रवार को होली के साथ-साथ को जुमें का भी दिन है। इसलिए जिम्मेदारी के साथ-साथ शांतिपूर्वक मनाने का अपील किया। थान प्रभारी ने कहा शांति बनाये रखने में आमजन की भूमिका अहम है। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब सेवन और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## एसपी ने उपकारा रामगढ़ का किया निरीक्षण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** उपकारा रामगढ़ में कैदी द्वारा मोबाइल इस्तेमाल किये जाने संबंधित गुप्त सूचना प्राप्त होने के बाद मंगलवार की रात्रि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकारा रामगढ़ से तंबाकू, तास के पत्ते, तास के डब्बे में 8900 रुपये, कुछ कागजात टेलीफोन नंबर बरामद किये गये। उक्त सारा सामान किचन रसोई घर से बरामद किया गया। जिसके बाद मामले में नियम अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर मुख्यरूप से अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की बैठक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी और संचालन वीडियो निखिल गौरव कमान कश्यप ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 15 वें वित्त आयोग वर्ष 2025-26 के वार्षिक योजना पर चर्चा किया गया और कई दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायत क्षेत्र में हो रहे कठिनाइयों के बारे में प्रमुख और विडियो को अवगत कराया। जिसमें मुख्य रूप से पेयजल और बिजली की समस्या और विद्यालय में शिक्षकों की कमी, अबुआ आवास में पंचायत सेवक की मनमानी को लेकर अवगत कराया गया। उपस्थित सदस्यों ने बताया कि पंचायत में अधिकांश चापानल खराब है और पीने का पानी के लिए परेशान रहते हैं। पंचायत में बनाये गये जल मीनार को आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है। कहीं बोरिंग नहीं की गयी है तो कहीं पाइप नहीं बिछाया गया है। जिसके कारण लोगों को शुद्ध पेयजल की घोर किल्लत हो रही है। बैठक में प्रखंड प्रमुख और प्रखंड विकास पदाधिकारी के अलावे पंचायत समिति सदस्य वकील खां, शालिग्राम यादव, रविंद्र कुमार, लखन दास, मोहन दास, कोडिनेटर सीताराम रजक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थें।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



**हंटरगंज /चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामना और बधाइयां दी। मौके पर प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारगी का संदेश देता है। इसलिए पूरी शालीनता और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनायें वहीं आगे उन्होंने प्रखंड के तमाम अभिभावकों से अपील की है कि होली त्योहार में अपने बच्चों को बाइक की चाभी ना दें। इस अवसर पर प्रखंड के सभी जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वादिष्ट पकवान का भी आनंद लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप, अंचल अधिकारी अरुण मुंडा, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, बीपीआरओ योगेश कुमार शर्मा, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, डुमरी पंचायत मुखिया पिंटू सिंह, डाहा पंचायत समिति योगेन्द्र यादव, के अलावा प्रखंड कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 15 को मुख्यमंत्री बाहा पूजा में होंगे शामिल

**गोला (आजाद सिपाही)।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 15 मार्च को अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री मरांगबुरु और बाहा पूजा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उनके घर में चचेरी बहन रेखा सोरेन के माध्यम से पूजा कि तैयारी शुरू हो गयी है। झामुमो के वरिष्ठ नेता और ऊपरबरगा पंचायत के मुखिया जितलाल टूडू ने बताया कि मुख्यमंत्री 15 मार्च को नेमरा गांव पहुंचेंगे। होली के अवसर पर मुख्यमंत्री प्रत्येक वर्ष बाहा पूजा करते हैं।

### फूलों झानो आशीर्वाद सम्मेलन सह होली मिलन समारोह

# महिला होना गर्व की बात, समाज में लायें सकारात्मक बदलाव: ममता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** टाउन हॉल में फूलों झानों आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग के पलाश-झारखंड लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी द्वारा हड़िया व्यवसाय छोड़ चुकी बहनों के कल्याण हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, 20 सूत्री अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलं कर किया गया। दीदियों के द्वारा स्वागतगण कर और पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया।



**विधायक ने अभियान से जुड़ने के लिए किया प्रोत्साहित**

मुख्य अतिथि विधायक रामगढ़ ममता देवी ने सभी दीदियों को फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुकों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया और बधाई भी दिया गया। साथ ही सरकार को भी इस अभियान को लागू करने हेतु धन्यवाद दिया। इस अभियान से छुटी हुई दीदियो को जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है और अपने जीवन में आगे बढ़कर खुशियां और सम्मान जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी दीदियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

**प्रत्येक घर में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है:** मौके पर जेएसएलपीएस की जिला प्रबंधक डीएमएसआइबी संध्या निर्मला कुल्लू ने कहा कि प्रत्येक घर में महिलाओं के संघर्ष की अपनी-अपनी कहानी है। इसमें महिलाओं का विशेष स्थान होता है, जो परिवार को संभालकर चलती हैं। गुड गवर्नेंस व लोकतंत्र की मजबूती में महिलाओं की अहम भूमिका है। वर्तमान दौर में महिलाएं कहीं से भी कम नहीं हैं। पुरूषों के बराबर ही महिलाओं की हर कार्य में भागदारी हो रही है, जो समाज के लिए अच्छा संकेत है। महिलाओं की आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की ललक से यह प्रतीत होता है कि उन्हें अवसर मिले, तो वे बुलंदियों पर पहुंचेगी।

**1200 महिलाओं ने छोड़ा हड़िया दारू कारोबार का रास्ता:** बताते चले कि कि रामगढ़ जिले के सभी 6 ब्लॉक में लगभग 1200 महिलाएं जो पारंपरिक रूप से हड़िया-दारू के निर्माण और बिक्री की कुप्रथा से जुड़ी हुई थी उन्हें वैकल्पिक, सम्मानजनक और आजीविका से जोड़ने हेतु फूलों झानों आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान किया गया और अब वे महिलाएं आजीविका के माध्यम से सम्मानजनक जीवन जी रही है। फूलो झानो आर्शीर्वाद अभियान से संबंधित लाभुकों के द्वारा सफलता की कहानी प्रस्तुत कर महिलाओं के विकास की कहानी को प्रदर्शित किया गया और साथ ही साथ नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया।

**महिला सशक्त समाज की पहचान है: डीडीसी**

उप विकास आयुक्त के द्वारा बताया गया कि महिलाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है। महिला सशक्त समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ पाकर महिलाएं मजबूत हो रही हैं और परिवार व समाज को दिशा देने का कार्य कर रही हैं।

### सांडी में होली मिलन समारोह का आयोजन

# होली पर्व को भाइचारा के साथ मनायें झारखंडवासी : संजय प्रसाद यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** भारतीय संस्कृति में त्योहारों और उत्सवों का आदि काल से ही काफी महत्व रहा है। होली भी एक ऐसा ही त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व है। होली पर्व सभी समुदाय को एकता का संदेश देता हैं। उक्त बातें सूबे के मंत्री सह गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव ने बुधवार को युवा राजद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान साण्डी में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि होली हम लोगों के लिए बहुत बड़ा पर्व है। होली के साथ-साथ रोजा भी चल रहा है। देश और राज्य में हम लोगों ने संदेश दिया है कि शांति वातावरण में भाईचारा के साथ हर धर्म के लोग रंग और अबीर लगाए और एक दूसरे के गले मिलकर भाईचारगी का संदेश दें। उन्होंने प्रदेश, जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी को मंच के माध्यम से होली की बधाई देते हुए झारखंडवासियों से भाईचारा के साथ होली का त्योहार धूमधाम से मनाने की अपील की है। आयोजित होली मिलन समारोह का नेतृत्व कर रहे युवा राजद के प्रदेश सचिव ललन यादव ने मौजूद समर्थकों को होली की बधाई देते हुए कार्यक्रम की सफलता पर आभार व्यक्त किया है। समारोह को विशिष्ट अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, पार्टी के प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम दास सिंह, रमेश यादव, संतोष यादव और छत्तरपुर पूर्व प्रत्याशी रहे विजय राम, मो गुलजार ने भी सभा को संबोधित किया। इससे पूर्व, मंत्री संजय यादव का युवा नेता ललन यादव की अगुवाई में उत्साह पूर्वक 51 किलो माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। साथ ही, उमंग भरे माहौल में अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र सौंपा। जबकि अबीर गुलाल को सिलेंडर के जरिए हवा में छोड़कर मिलन समारोह को भव्य बनाया। इधर, सांस्कृतिक कार्यक्रम का मौजूद लोगों ने लुत्फ उठाया। साथ ही, बाबा म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने विभिन्न तरह के होली और फगुआ गीत गाकर मौजूद लोगों को खूब रिझाया। समारोह की अध्यक्षता युवा राजद के जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार और संचालन राजेश यादव ने किया। समारोह में शाहिद सिद्दीकी, मो गुलजार, जितेंद्र यादव, राजकुमार केसरी, पप्पू यादव, निर्मल यादव, कृष्णा यादव, कारू यादव, मंटू यादव, सौरभ सिंह, कमल यादव, टिपोरी खान, अकबर खान, कुंदन कुमार, परमेश्वर यादव समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



**लावालौंग/ चतरा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कटिया और हेडूम पंचायत में बुधवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कटिया पंचायत के मुखिया मिशि देवी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । साथ ही कटिया पंचायत के सेवानिवृत्त सचिव नागेश्वर प्रसाद यादव को अंग वस्त्र देकर और अबीर गुलाल लगाकर विदाई की गयी। इस मौके पर उपस्थित मुखिया पति और समाजसेवी मिथिलेश कुमार चौबे ने बताया कि होली खुशियों का त्योहार है। शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनायें। मौके पर उपस्थित उप मुखिया मनोज यादव, राजेश यादव भूपेंद्र यादव, संजय यादव, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं हेडुम पंचायत मुखिया संतोष राम द्वारा कल्याणपुर चौक पर कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कर होली मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर उपस्थित बीस सूत्री अध्यक्ष छठु सिंह भोक्ता, उप प्रमुख महमूद खान, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप तुरी, प्रमोद तुरी, निरंजन यादव, पूर्व मुखिया पति रामकुमार गंझु , संतोष यादव, गोपाल यादव, हुलास खिरोधर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### अपराध समीक्षा बैठक में सभी थानेदारों को दिये गये निर्देश

# अपराधियों पर कसें लगाम, जनता से करें बेहतर व्यवहार : एसपी

**सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगना चाहिए सीसीटीवी कैमरा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में अपराधी गतिविधियों को लगाम लगाना है। किसी भी स्तर पर अपराधियों को छोड़ा नहीं जायेगा। साथ ही थाने में आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार होना चाहिए। जनता का भरोसा पुलिस पर और मजबूत हो, इसके लिए काम करना है। यह बातें बुधवार को एसपी कार्यालय में क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी अजय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि क्राइम मीटिंग में लंबित कांडों और अतिसंवेदनशील मामलों के निष्पादन की बात तो की ही गयी। लेकिन सबसे बड़ी बात पुलिस की छवि को लेकर की गयी है। हाल के दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं थानों में हुई हैं जिसे लेकर पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई हुई।



**इन बिंदुओं पर एसपी ने की विस्तार से चर्चा :** एसपी अजय कुमार ने क्राइम मीटिंग के दौरान लंबित मामले, हत्या, पोस्को एक्ट, आगजनी, नक्सली, आपराधिक घटनाएं, महिला उत्पीड़न, साइबर क्राइम, एनडीपीएस एक्ट, लूट, डकैती, चोरी, गृहभेदन पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि टीएसपीसी, पीएलएफआइ के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाइल तैयार करना है। प्रत्येक दिन थाना और ओपी प्रभारी के द्वारा मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग की जानी चाहिए। जन शिकायतों से प्राप्त मामलों को तत्काल निष्पादित किया जाना चाहिए। साथ ही कैरेक्टर और पासपोर्ट वेरिफिकेशन का काम समय पर होना चाहिए।

**सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगना चाहिए सीसीटीवी कैमरा :** बैठक के दौरान एसपी अजय कुमार ने बाजार में अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार उन्होंने व्यापारिक संगठनों को पत्र लिखा है। जब तक दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों में बेहतर क्वालिटी का सीसीटीवी कैमरा नहीं लगायेंगे, तब तक हिट एंड रन और छिंतई की घटनाओं पर लगाम लगाना आसान नहीं होगा।

**कौन कौन थे उपस्थित**

अपराध समीक्षा बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, सार्जंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, मांडू थाना प्रभारी आरपी पासवान, पतरातू थाना प्रभारी, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता, गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## मो तसलीम खान और शुभम को मिली पदोन्नति, एसपी ने लगाया स्टार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही) ।** झारखंड पुलिस मुख्यालय से 52 आशु सहायक अवर निरीक्षक को आशु पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत किया गया है। रामगढ़ जिले के भी दो आशु सहायक अवर निरीक्षक को पदोन्नति मिली है। इनमें आशु पुलिस अवर निरीक्षक मोहम्मद तसलीम खान और शुभम कुमार शामिल हैं। बुधवार को एसपी कार्यालय में पीपिंग समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर एसपी अजय कुमार, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स और पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने दोनों पदाधिकारी को स्टार लगाया। साथ ही पदोन्नति के लिए बधाई दी। साथ ही अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## होली भारतीय संस्कृति का पावन पर्व: जगेश्वर




**कुजू (आजाद सिपाही)।** होली भारतीय संस्कृति का एक शुभ और पावन पर्व है, जो भेदभाव मिटाकर प्रेम और सद्भाव को सुदृढ़ करने का अनुपम अवसर प्रदान करता है। उक्त बातें उज्ज्वला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने बुधवार को बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि होली के दिन उत्साह के साथ लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले लगते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं। होली पर्व प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। वहीं, सदस्यों को सुखी होली खेलने की अपील की। तत्पश्चात मौजूद सदस्यों ने अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति को अबीर लगाकर होली की बधाई दी। वही, जगेश्वर प्रजापति ने भी सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली के बाद निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही, खाद्य सामग्री का वितरण किया। समारोह का संचालन आशा कुमारी ने किया। मौके पर वीणा देवी, मनसरी देवी, अनिता देवी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, सुनीता देवी, छोटन प्रजापति समेत कई सदस्य शामिल रहे।

## बिरहोर बच्चों के साथ मानवाधिकार की टीम ने मनायी होली



**चतरा (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एशोसिएशन की टीम ने बिरहोर परिवार के साथ होली मनायी। यह होली सदर प्रखंड के सेहदा बिरहोर कालोनी मनायी गयी। इस दौरान बिरहोर परिवार के सभी छोटे बड़े सदस्यों को अबीर गुलाल लगाते हुए उनके बीच पूआ पकवान का वितरण किया और खुशियां मनायी। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार की महिला संयोजिका शोभा कुजूर ने बिरहोर सदस्यों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल भेजने और साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं जिला महासचिव गोपाल कुमार वर्मा ने लोगों को होली के महत्व को समझाया और सभी को मिलजुलकर भाईचारगी के साथ होली का पर्व मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर मानवाधिकार युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीत कुमार, जिलाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार रवि, लातेहार जिला अध्यक्ष मोहम्मद कामरान खान, अशोक कुमार दांगी, समाजसेवी हंटरगंज, समाजसेवी - राजू कुमार दास, प्रिंस कुमार और चतरा कालेज के एनएसएस के विद्यार्थी उपस्थित थें।

## पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर डीसी ने की बैठक

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर जयनगर ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक में डीसी के द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों और जयनगर ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गयी। मौके पर जयनगर ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त और पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा पीवीयूएनएल के अधिकारियों को पतरातू प्रखंड अंतर्गत रसदा, बालकुदरा, जयनगर और गेगदा ग्राम में ग्रामीणों के लिए आइटीआइ प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपरोक्त चारों गांव में सहकारी समितियों का गठन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह, फूलमती देवी, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, डॉ संजय सिंह ने विधिवत विन्ध्वासिनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी को होली की बधाई दी। कहा कि होली भारतीय संस्कृति एकता का त्योहार है । जिसके माध्यम से हमें भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना की शिक्षा मिलती है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप सीएसटीई/वर्क्स/एचक्यू/जीआरसी, दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता-700043, **निविदा संख्या- एसटी_पी_एसईआर_2025_एमपीएल_वीओआईपी_4** के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जिसकी अंतिम तिथि/समय 10.04.2025 को 11:30 बजे है। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल अंतिम तिथि और समय तक ही जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा कर दिया जाएगा: **क्रम सं.: 1; ई-निविदा सूचना संख्या: एसटी_पी_एसईआर_2025_एमपीएल_वीओआईपी_4, दिनांक 11/03/2025; कार्य का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा, खड़गपुर, रांची और चक्रधरपुर मंडल पर एकीकृत संचार बैकबोन और वीओआईपी आधारित ट्रेन नियंत्रण संचार प्रणाली (टीसीसीएस) के लिए आईपी-एमपीएलएस तकनीक की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग; **कार्य की अनुमानित लागत (रु. में): ₹ 58,79,15,414.89; बयाना जमा (रु. में):** ₹ 30,89,600.00; **अंतिम तिथि और समय:** 10.04.2025 को 11.30 बजे। उपरोक्त निविदा के लिए विस्तृत निविदा सूचना पहले ही वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित की जा चुकी है।

(PR-1229)

# वादे हैं, वादों का क्या

महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने हालिया विधानसभा चुनावों में भारी जीत दर्ज करने के बाद जब सोमवार को अपना पहला बजट पेश किया, तो उसके चुनावी वादों पर वित्तीय परेशानियों का बोझ साफ दिखा। चुनावों से पहले किये गये अपने बहुप्रचारित वादों- लाडली बहना योजना की राशि बढ़ाने और किसानों का लोन माफ करने- पर बजट में सरकार पीछे हटती दिखी।

**कर्ज का बोझ :** पिछले साल लोकसभा चुनावों में महायुति को लगे झटके के बाद राज्य सरकार ने जो लोकलुभावन योजनाएं घोषित कीं, उनसे सरकारी खजाने पर करीब 96,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ा। नतीजा यह हुआ कि इस बार के बजट में अनुमानित कर्ज अब तक की सभी सीमाएं पार करते हुए 9.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। अनुमानित राजस्व घाटा यानी आमदनी और खर्च का अंतर भी बढ़कर 45,891 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

**मतदाताओं में मायूसी :** स्वाभाविक ही, राज्य सरकार के सामने उन वादों से पीछे हटने के सिवा कोई रास्ता नहीं था। लेकिन चुनाव से पहले महिला मतदाताओं का भरोसा जीतने के लिए तत्कालीन सरकार ने न केवल लाडली बहना योजना की राशि बढ़ायी, बल्कि कुछ किस्तों का भुगतान भी तत्काल कर दिया। ऐसे में मजबूरियां चाहे जो भी हों, उन मतदाताओं में जरूर मायूसी है, जो यह मानकर बैठे थे कि चुनाव के बाद भी सरकार वादे पूरे करने में भी वैसी ही तत्परता दिखायेगी।

**महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने अपने पहले बजट में कर्ज का बोझ बढ़ता देखकर चुनावी वादों पर पीछे हटने का संकेत दिया। लाडली बहना योजना की राशि और किसानों का लोन माफ करने के वादे पीछे छूट गये। अन्य राज्यों में भी इसी तरह के वादों के कारण वित्तीय समस्याएं नजर आ रही हैं।**

**अन्य राज्यों का हाल :** महाराष्ट्र सरकार इस मामले में अकेली नहीं है। दिल्ली में भी महिलाओं को तत्काल 2500 रुपये महीना देना शुरू कर देने का वादा सत्तारूढ़ भाजपा के लिए भारी पड़ रहा है। पंजाब की भगवंत मान सरकार तो महिलाओं को 1100 रुपये महीना देने का वादा भी इन्हीं कारणों से चुनाव के तीन साल बाद भी पूरा नहीं कर पायी है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार मुफ्त पेशकश वाले वादों के ही चलते 1.16 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की सोच रही है, जिससे उसकी कुल देनदारी 7.64 लाख करोड़ रुपये हो जायेगी।

**रेवड़ी कल्चर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से रेवड़ी कल्चर के खिलाफ देश को सतर्क करते रहे हैं। यह अलग बात है कि उनकी पार्टी भी इस पर अमल नहीं कर पायी। लेकिन चुनाव से पहले वादे और चुनाव के बाद वादा तोड़ने की यह स्थिति पूरी राजनीतिक बिरादरी को मतदाताओं की नजर में संदिग्ध बना रही है। देश के राजनीतिक दलों के लिए यह विचारणीय मुद्दा होना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**उम्र का बढ़ना, ऋतुओं का परिवर्तन और समय का विभिन्न स्थितियों में रूपांतरण जीवन नहीं है। परितर्वन में जीवन नहीं है। परिवर्तन समय है। संसार में सब कुछ परिवर्तित होता है। इन काल, इन ऋतुओं और इन परिवर्तनों में जीवन नहीं है। जीवन इनके प्रति जागरण में है। जागरण ही उत्सव है। हमारे अस्तित्व में सदैव उत्सव है। उत्सव हमारे जीने के ढंग में है। जीने के ढंग में आनंद सम्माहित है। इसलिए भारतीय मन हरेक समय, ऋतु और परिवर्तन का उत्सव मनाता है। आनंद खोजता है।**

# सनातन उत्सव का भारत देश

डॉ मयंक मुरारी



**भारतवर्ष** की आत्मा उसके धर्म और संस्कृति में बसती है। बिना इसके राष्ट्र-जीवन का कोई कल्पना नहीं है। राष्ट्र-जीवन का प्राण तीर्थ, पर्व, ऋतु राग, उत्सव में बसता है। तीर्थ देश का लघु रूप है, तो पर्व काल का प्रवाह है। ऋतु राग है, तो उत्सव उस राग का रस है। सूर्य का आगमन भवगवान विष्णु का पहला चरण है, तो दोपहर दूसरा और सांध्यवेला तीसरा पग है। यहां नदियां माता का आशीष हैं, तो पहाड़ पिता का पुण्य है। हमारे पूर्वजों ने देश के दुर्गम और अलघ्य पर्वत श्रृंखलाओं में तीर्थयात्राओं के लिए कई स्थलों को जागृत एवं तपस्थल का रूप दिया। भगवान राम राज्याभिषेक के पूर्व तीर्थाटन करते हैं, तो पांडव भी तीर्थयात्रा करते हैं। जीवन में सनातन की खोज ही भारतीय का लक्ष्य रहा और सनातन के तत्वों को तीर्थ, पर्व, उत्सव, और यात्राओं ने प्रगाढ़ किया है।

भारतीय जीवन में उत्सव, साहित्य, दर्शन और परंपरा का सनातन सूत्र भी इन ऋतुओं के कारण मिला है। एक बच्चा जन्म लेता है और बड़ा होकर जवान, युवा और बूढ़ा होता है। फिर मृत्यु। जैसा ऋतु परिवर्तन है, वैसा ही परिवर्तन हमारे जीवन काल में आता है। उम्र का बढ़ना, ऋतुओं का परिवर्तन और समय का विभिन्न स्थितियों में रूपांतरण जीवन नहीं है। परितर्वन में जीवन नहीं है। परिवर्तन समय है। संसार में सब कुछ परिवर्तित होता है। इन काल, इन ऋतुओं और इन परिवर्तनों में जीवन नहीं है। जीवन इनके प्रति जागरण में है। जागरण ही उत्सव है। हमारे अस्तित्व में सदैव उत्सव है। उत्सव हमारे जीने के ढंग में है। जीने के ढंग में आनंद सम्माहित है। इसलिए भारतीय मन हरेक समय, ऋतु और परिवर्तन का उत्सव मनाता है। आनंद खोजता है। जहां आनंद है, वहां जागरण है और जहां जागरण है, वहां जीवन है।

**एक संन्यासी, जो निरासक्त होता है, लेकिन वसंत में नाचता है, गाता है। उस दिव्यता को संपूर्णता में जीता है।**



**संवत्सर में वसंत ऋतु आता है और चला जाता है। पुनः कुछ दिनों के बाद इसका पुनर्जन्म होता है। भारतीय मन कहता है कि अस्तित्व में सदैव ही वसंत हैं। शरद हैं, हेमंत हैं और पतझड़ है। समय की गति चूंकि रैखिक नहीं, वृत्तीय होती है, अतएव ऋतुएं बार-बार आती हैं। उसी प्रकार इस जीवन में शरद, हेमंत और वसंत का रस, रंग और भाव भी हमारे चित्त को बार-बार रंगता है, भींगाता है और निर्माण करता है।**

संवत्सर में वसंत ऋतु आता है और चला जाता है। पुनः कुछ दिनों के बाद इसका पुनर्जन्म होता है। भारतीय मन कहता है कि अस्तित्व में सदैव ही वसंत हैं। शरद हैं, हेमंत हैं और पतझड़ है। समय की गति चूंकि रैखिक नहीं, वृत्तीय होती है, अतएव ऋतुएं बार-बार आती हैं। उसी प्रकार इस जीवन में शरद, हेमंत और वसंत का रस, रंग और भाव भी हमारे चित्त को बार बार रंगता है, भींगाता हैं और निर्माण करता है। ऋतुएं हमारे मन का निर्माण करती हैं। हमारा मन शाश्वत की खोज करता है, चित्त सदैव सनातन शिखर की ओर उन्मुख होता है, तो इसके पीछे की उत्प्रेरक शक्ति ऋतुएं हैं।

जीवन ही इश्वर है। इश्वर कोई वस्तु या व्यक्ति नहीं है। वह संपूर्ण जीवन है। इस जीवन की खोज ही हमारा लक्ष्य है। जीवन हमारे अंदर है। वही जीवन हमारे बाहर है। इस अस्तित्व के चराचर तत्वों- सूर्य, तारे, आकाश, बादल, पृथ्वी, जंगल, समुद्र, हवा, वृक्ष, जानवर में जीवन है। यह सारा अस्तित्व जीवन का ही नृत्य और संगीत है। ऋतु हमें जीवन की संपूर्णता का भाव देते हैं। वह परिवर्तन, रूपांतरण और बढ़ाव तथा घटाव में मदमस्त होना सिखाती है। एक फक्कड़ फकीर गरमी की तपती धूप में भी धुनी लगाता है और मदमस्त हो जाता है। एक सामान्य मन भी बरसात में बालपन का हठ करता है। बारिश में भींगता है, दूसरे को भिंगोता है और तन-मन को रसरंग से भर लेता है। शरद के शीत में भी भारतीय मन तल्लीन हो जाता है। शक्ति की आराधना करता है और अपने को ओज और तेज से भर लेता है। इसी प्रकार एक संन्यासी, जो निरासक्त होता है, लेकिन वसंत में नाचता है, गाता है। उस दिव्यता को संपूर्णता में जीता है।

ऋतु का दर्शन है कि हरेक समय और स्थिति का उत्सव मनाया जाना चाहिए। हरेक को प्रेम करना चाहिए और जीवन को संपूर्णता में जीना चाहिए। इसी कारण भारतीय मन कर्म पर जोर देता है, उसके फल की बात नहीं करता है। वह जानता है कि वसंत के फूल, बरसात के पत्ते, हेमंत में शरीर (वृक्ष रूपी देह) की साधना से ग्रीष्म में फल मिलेंगे। ऋतु सदैव जीवन को खोजने की बात करता है। हम जीवित हैं, लेकिन जीवन के साथ तारताम्य नहीं है। हम समय में, परिवर्तन में और रूपांतरण में जीवन की खोज करत है और असफल होते हैं। ऋतु में नया खोज के साथ खुद को नूतन और नवीन करना ही जीवन है। ऋतु सदैव यह बताता है कि वसंत, ग्रीष्म, बरसात, शरद एक परिवर्तन है। हमको उस परिवर्तन के साथ सदैव नया होना है। नूतन रहना है। भारतीय जीवन पर ऋतु प्रभाव के कारण ही हमारा मन सदैव नवीन रहता है। थकता नहीं है। परिवर्तन के साथ खुद को बदल लेता है। गरमी में सत्तू का शर्बत, तो जाड़ा में उसी सत्तू से लिट्टी बनाकर खुद को सनातन का सहभागी बना लेता है। बरसात में पत्तों से भोलेनाथ का श्रृंगार करनेवाला वसंत में फूल और फल का भोग लगाता है।

ऋतु की तरह ही इस अस्तित्व के चराचर जीवन और वस्तुओं की गति चक्रीय है। जन्म, यात्रा और मरण के बाद पुनर्जन्म। दिवस, मास, ऋतु, संवत्सर, ग्रह, नक्षत्र, आकाशगंगा सब गतिमान है। समय की सूक्ष्मतम इकाई परमाणु से लेकर दिन, रात, ऋतुएं, आकाशीय तारामंडल, ग्रह, नक्षत्र यहां तक की ब्रह्माण्ड भी चक्रीय गति का अनुसरण करते हैं। इसी प्रकार जीवन भी, चक्रीय गति से चलता है। जन्म, विकास, बचपन, युवा, पौढ़, बुढ़ापा, मृत्यु और पुनः जन्म। चक्रीय गति। लेकिन व्यक्ति क्या देखता है? मानव को, उसकी गति को। उसको गतिमान करनेवाले काल को नहीं। इसके कारण ही उसे सब कुछ रैखीय विकासमान प्रतीत होता है। जबकि यह समय की गति नहीं, मानव की गतिशीलता है। मानव की गतिशीलता में व्यक्ति की मृत्यु को प्राप्त होना एक खंडन बिंदू या पड़ाव स्थल हो सकता है। एक नये विकास के लिए। लेकिन काल के लिए यह सतत यात्रा है। गतिमान। चक्रीय रूप में। ठीक उसी प्रकार, जैसे विराट का सूक्ष्तम से लेकर अनंत गतिमान है। इसे समझने के लिए एक उदाहरण और। हम धरती पर चलते हैं, तो लगता है कि रैखीय या एक दिशा में या सीधा और थोड़ा इधर-उधर चलते हैं। लेकिन तब भी हम चक्रीय चल रहे होते हैं, क्योंकि यह पृथ्वी तो गोल है। और इसकी विराटता के सापेक्ष हमारे पैर या वाहन की गति तो न्यूनतम और सूक्ष्मतम भी, या नगण्य है। ऋतुराग उस विराट दर्शन को ही बार बार प्रकट करता है।

**(साभार: 'सनातन उत्सव का देश' से)**

## कोल्हान की खबरें

### रामनवमी की तैयारियों को लेकर केंद्रीय अखाड़ा समिति ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिले के डीसी अनन्य मित्तल से मुलाकात की। बुधवार को मुलाकात के दौरान रामनवमी महोत्सव को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु एक मांग पत्र सौंपा ।समिति ने मांग पत्र के माध्यम से नवरात्रि और रामनवमी के दौरान मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य अस्थायी रूप से रोकने या प्रभावित अखाड़ा समितियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की करने की मांग की। साथ ही शोभायात्रा मार्ग पर स्ट्रीट लाइट और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए डीसी से आग्रह किया ।डीसी ने केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति को आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, अशोक सिन्हा, संयोजक प्रमोद तिवारी, कोषाध्यक्ष शंभू मुखी, सचिव अर्जुन शर्मा, सहसचिव राघवेंद्र मिश्रा, संतोष कालिंदी व अन्य मौजूद रहे।

### झामुमो बिरसानगर शाखा समिति के अध्यक्ष बादल कर्मकार और सचिव रोहित कर्मकार बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झामुमो नगर समिति के अंतर्गत बिरसानगर शाखा समिति की पुनर्गठन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को बैठक में प्रवेक्षक पीके राय, पप्पू यादव, महानगर संयोजक मंडली सदस्य एवं पूर्व नगर अध्यक्ष दलगोविंद लोहरा, पूर्व नगर सचिव नंदू सरदार, कृष्णा कामत, प्रल्हाद लोहार, विष्णु प्रधान, उमाकांत दास, प्रदीप सिंह, राज कुमार सिंह, दीपक दास, किंग कुजूर, बिपिन शुक्ला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर सर्वसम्मति से शाखा समिति अध्यक्ष के लिए बादल कर्मकार को पदभार सौपा गया। वही शाखा सचिव के लिए रोहित कर्मकार और शाखा कोषाध्यक्ष विष्णु प्रधान को बनाया गया। इसके अतिरिक्त शाखा समिति स्तर पर लखन सरदार, सूरज लोहार, रमेश, राजन टुडू, मोती कर्मकार, सोना करवा, सौरव कुमार, आरती लोहार, शांति कर्मकार, मानसी भूमिज, रोहिणी कर्मकार को सदस्य बनाया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने जिले में झामुमो के संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की सफलता हेतु समर्पित प्रयास करने का संकल्प लिया। यह पुनर्गठन झामुमो की सदस्यता अभियान 2025 के तहत संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### लोजपा नेता बृजमोहन सिंह 'पप्पू' का निधन

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर कॉलोनी निवासी लोक जनशक्ति पार्टी के नेता बृजमोहन सिंह उर्फ पप्पू का बुधवार को टीएमएच में इलाज कर दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। श्री सिंह छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े थे। उन्होंने यूथ कांग्रेस से अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत किया और आदित्यपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष समेत जिला कमेटी के विभिन्न पदों पर कार्य किया। बीते लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़कर लोजपा का दामन थामा और पार्टी के पूर्वी सिंहभूम का जिलाध्यक्ष बने। उनके निधन से आदित्यपुर और पूर्वी सिंहभूम जिले में शोक की लहर है।

### विधायक प्रतिनिधियों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिम के विधायक सरयू राय के निर्देश पर मानगो और उलीडीह क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बुधवार को बैठक में मानगो क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही लोगो के परेशानियों से अवगत कराया।मौके पर प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ रामनगर, श्याम नगर, शांति नगर, कृष्णा नगर, लक्ष्मण नगर, सुभाष कॉलोनी, एकता नगर रोड नंबर 2, अखाड़ा गली क्षेत्रों का दौरा किया।जांच में कई स्थानों पर पाइपलाइन त्रुटिपूर्ण तरीके से बिछाने व पानी का दबाव कम होने से आपूर्ति प्रभावित होने की जानकारी मिली। इसके अतिरिक्त कुछ क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाई ही नहीं गई।सूचना मिलने पर विधायक श्री राय ने अधिकारियों को इन समस्याओं का स्थायी समाधान शीघ्र कराने का निर्देश दिया। वही अधिकारियों ने कहा पाइपलाइन सुधार व इंटरकनेक्शन के लिए लागत का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा,जल्द ही विभाग को सौंपा जाएगा।उधर विधायक श्री राय के निर्देश पर तत्काल राहत के लिए जोन 3, आस्था स्पेस टाउन में 45 एचपी का पंप स्थापित कर क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू किया गया। विभागीय अधिकारियों ने आश्वासन दिया होली के बाद पेयजल से संबंधित सभी समस्याओं का स्थायी समाधान किया जायेगा।

### देशप्रेम और शहीदों के सम्मान का प्रतीक है अखंड तिरंगा यात्रा : अमरप्रीत सिंह काले



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नमन परिवार के द्वारा आगामी 23 मार्च को होने वाली दसवीं अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने हेतु न्यू बारीडीह पार्क में बैठक का आयोजिन किया गया। बुधवार को बैठक में सीनियर सिटीजन ग्रुप में परसुडीह,सोपोडेरा समेत विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मौके पर नमन परिवार के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा यह यात्रा राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और शहीदों के प्रति सम्मान के प्रतीक है। उन्होंने सभी से इस ऐतिहासिक यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर रघुवंश सिंह, एस.डी.पांडे, एस.आनंद राव, बीके सिंह, सत्येंद्र पांडे, कंचन देवी समेत सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नमन परिवार के दसवीं अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

### नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज में 100 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक की शुरुआत



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में 100 यूनिट स्टोरेज क्षमता वाले ब्लड बैंक की शुरूआत की गयी। ब्लड बैंक से अब मरीजों को रक्त के लिए अन्य ब्लड बैंकों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। नेताजी सुभाष ग्रुप के चेयरमैन मदन मोहन सिंह ने बताया अगले दो वर्षों में यह अस्पताल पूर्वी भारत का बेहतरीन मेडिकल संस्थान बनेगा। वर्तमान में ओपीडी निःशुल्क है। सभी चिकित्सा सेवाएं अन्य अस्पतालों की तुलना में कम शुल्क पर उपलब्ध हैं। इस सत्र से मेडिकल छात्रों की पढ़ाई भी शुरू होगी।

### टाटा पावर ने 'क्लब एनर्जी इको क्रू' अभियान की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भारत की अग्रणी एकीकृत ऊर्जा कंपनी टाटा पावर ने 'क्लब एनर्जी इको क्रू' अभियान की शुरूआत की। जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के 24 शहरों के 1,000 स्कूलों में 5 लाख से अधिक छात्रों को सौर ऊर्जा के उपयोग और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। साथ ही छात्रों में सौर ऊर्जा के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में इंटरएक्टिव वर्कशॉप, ऊर्जा ऑडिट, रचनात्मक प्रतियोगिताएं और व्यावहारिक परियोजनाएं शामिल हैं। जो छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं। टाटा पवार का यह पहल प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का समर्थन करती है। जिसका लक्ष्य देशभर में 1 करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से सुसज्जित करना है। टाटा पावर इस योजना के अनुरूप 2027 तक 10 लाख घरों को रूफटॉप सोल्यूशंस प्रदान करने का संकल्प लिया है।

'क्लब एनर्जी इको क्रू' टाटा पावर की 'क्लब एनर्जी' पहल का हिस्सा है। जो 2007 से ऊर्जा संरक्षण, संसाधन प्रबंधन और स्थिरता पर केंद्रित है। भारत में 1000 से अधिक स्कूलों में 50000 से अधिक नागरिकों को संवेदनशील बनाया है। यह अभियान सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने व छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### यातायात पुलिस ने नियमों के उल्लंघन पर की कार्रवाई, 9.24 लाख का जुर्माना वसूला



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी है। बीते दस दिनों में यातायात पुलिस ने विभिन्न उल्लंघनों के लिए कुल 9,24,500 का जुर्माना वसूला है। उल्लंघन के प्रमुख आंकड़ों में बिना सीट बेल्ट 323 मामले, बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र 168 मामले, प्रशासनिक आदेशों का उल्लंघन में 127 मामले, बिना बीमा 78 मामले, बिना हेलमेट 51 मामले,ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग 49 मामले, बिना ड्राइविंग लाइसेंस 14 मामले शामिल है।यातायात प्रभारी अजय कुमार तिवारी ने बताया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की। होली के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को जिले के विभिन्न चेकपोस्टों पर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों से 20,000 का जुमार्ना वसूला गया। होली के लिए अगले तीन दिनों तक सभी ट्रैफिक पोस्टों पर विशेष कर्मियों की तैनाती की गयी।

# विधि व्यवस्था के मुद्दों को लेकर एसडीएम की छापेमारी

**अवैध गैस गोदाम, पेट्रोल पंप, ओवरलोडिंग, अवैध पटाखा बिक्री, डीजे को लेकर एक्शन जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा विधि व्यवस्था के विभिन्न मुद्दों को लेकर एहतियातन कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को उन्होंने सहिजना के एक अवैध गैस गोदाम पर औचक छापेमारी की, वहीं गढ़वा ब्लॉक के पास स्थित पेट्रोल पंप में बोतल में दिये जा रहे डीजल पेट्रोल की घटना को रंगे हाथ पकड़ा। एसडीओ के निर्देश पर बाजार से अवैध रूप से पटाखा भंडारण और बिक्री मामले में कुछ लोगों को गढ़वा पुलिस द्वारा पकड़ा गया, वहीं ओवरलोडिंग को लेकर भी चिनिया रोड से एक ओवरलोड वाहन चालक का लाइसेंस जब्त किया गया। उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सामग्रियों विशेषकर पनीर और खोआ को लेकर सघन जांच अभियान चलाने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए प्रतिदिन रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

गोपनीय सूचना मिलने पर एसडीओ ने सहिजना में एक निजी घर में संचालित हो रहे अवैध गैस गोदाम पर छापेमारी कर मकान मालिक एवं गोदाम संचालक को गढ़वा पुलिस के हवाले कर दिया। यहां पर अवैध रूप से डेढ़ सौ से अधिक घरेलू गैस सिलेंडर पाये गये। संजय कुमार ने कहा कि गढ़वा पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है कि यह अवैध भंडार गोदाम संचालक को किन-किन एजेंसियों के यहां से किस आधार पर प्राप्त हुए। तथ्य सामने आने पर संबंधित एजेंसी संचालकों पर भी कंठोर कार्रवाई की जायेगी। जरूरत पड़ी तो एजेंसियों के नियमानुसार लाइसेंस निरस्तीकरण की अनुशंसा भी की जायेगी।

कचहरी रोड स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल पंप के नोजल से बोतलों में दिए जा रहे डीजल पेट्रोल का मामला रंगे हाथ पकड़ने के उपरांत संजय कुमार ने पेट्रोल पंप संचालक को नोटिस जारी किया है, नोटिस का संतोष जनक उत्तर न रहने पर पेट्रोल पंप के लाइसेंस के निरस्तीकरण की दिशा में कार्रवाई की जायेगी। इस मामले को उन्होंने गंभीर बताते हुए तत्काल सभी पेट्रोल संचालकों, थाना प्रभारियों एवं अंचल अधिकारियों को लिखित आदेश निर्गत किया है कि किसी भी पेट्रोल पंप में बोतल, गैलन आदि में ईंधन नहीं दिया जाए, यह जन सामान्य की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद खतरनाक है। इसके अलावा ओवरलोडिंग को लेकर भी एसडीओ की तरफ से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए उन्होंने खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि वे रोस्टर बनाकर सघन छापेमारी और जांच अभियान चलाएं, साथ ही छापेमारी अभियान से संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से उन्हें भी उपलब्ध करवायें। ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए मंगलवार देर रात एक डीजे सेट को भी वाहन सहित जब्त किया गया है।

## एसडीओ के नेतृत्व में मंडल कारा में देर रात हुई छापेमारी

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में मंगलवार देर रात मंडल कारा गढ़वा में औचक छापेमारी और तलाशी की गयी। तलाशी अभियान में कई दंडाधिकारी और पुलिस के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही। उक्त छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, बीडीओ गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण, सीओ मेराल यशवंत नायक, प्रशिक्षु उपसमाहर्ता रविकांत शर्मा, थाना प्रभारी गढ़वा बृज कुमार, थाना प्रभारी मेराल विष्णुकांत, महिला थाना प्रभारी सहित थाना प्रभारी स्तर के कई पदाधिकारियों सहित लगभग 200 से अधिक पुलिस बल की मौजूदगी थी। छापामारी के लिए गठित अलग-अलग टीमों द्वारा महिला वार्ड सहित सभी वार्डों में गहन तलाशी ली गयी। उक्त तलाशी का कार्य रात्रि लगभग 10:30 बजे से आरंभ हुआ जो लगभग मध्यरात्रि तक चला। **कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला:** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि उक्त छापेमारी के दौरान कोई भी ऐसी संवेदनशील या आपत्तिजनक सामग्री जेल के अंदर या कारा वार्डों में नहीं मिली जो कि जेल मैनुअल के नियमों के प्रतिकूल हो। उन्होंने कहा कि यह रूटीन छापेमारी थी, इस प्रकार की औचक छापेमारी समय-समय पर आगे भी जारी रहेगी।

## होली का त्योहार हमारी नकारात्मक शक्ति को जलाकर नष्ट कर देता है : डॉ पातंजलि केशरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय टंडवा स्थित शिक्षा दीप स्कूल में बच्चों के बीच होली के शुभ अवसर पर रंग, अबीर-गुलाल और पिचकारी का वितरण किया गया। राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी, डॉक्टर बीरेंद्र कुमार, अब्दुल मन्नान सहित अन्य लोगों ने क्षिजित बच्चों के बीच अबीर गुलाल का वितरण करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। उक्त मौके पर आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि होली का त्योहार हमारी नाकारात्मक शक्ति को जलाकर नष्ट कर देता है। होलिका दहन इसी का प्रतीक है। इसके बाद हम अपने सारे मतभेद और दुख भूल कर निर्मल पावन मन से उत्साह के साथ एक दूसरे के साथ गले मिलकर रंगों में सरोवर हो जाते हैं। उन्होंने बच्चों से पटाखे और केमिकल युक्त रंगों से दूर रहने की अपील की। डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि होली आपसी एकता को बढ़ावा देती है। अनेक रंग हमारी विविधता में एकता का प्रतीक है। बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ यह खुशी बांटने का त्योहार है। मौके पर अब्दुल मन्नान, डा आदित्य प्रकाश, सपना कुमारी, कंचन मेहता, मोहम्मद जावेद, शुभम रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# होली परंपराओं और भाईचारा का त्योहार है : एमपी केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने कहा किभारत में मनाये जाने वाले त्योहारों में होली का विशेष स्थान है। इसे भारत में रंगों का त्यौहार या उल्लास का त्यौहार कहा जाता है। यह हमारे सनातन परंपराओं का सूचक है। यह न केवल रंगों और उल्लास का पर्व है बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम, भाईचारे, और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। होली का यह पर्व न सिर्फ पूरे भारत में बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी धूमधाम से मनाया जाने वाला त्यौहार है। होली केवल रंगों का खेल नहीं बल्कि सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का भी पर्व है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए पटाखों से परहेज रखने या सावधानीपूर्वक बड़ो के देख रेख में जलाने की बात कही। पटाखों ने कई घरों और जिंदगियों को तबाह कर दिया है। यह पर्यावरण का दुश्मन है। यह हमारे पर्यावरण को दूषित और विषाक्त करता है। वर्तमान में गढ़वा जिला के गोदरमाना में पटाखों से मरने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी। शुभकामनाएं एवं बधाई के साथ गोष्ठी का समापन किया गया। इस अवसर पर मंच का संचालन उप प्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद ने किया।

# होली आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का प्रतीक है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने असेंबली में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार ही हमारे अंदर हर्षोल्लास का संचार करते हैं। जिसके द्वारा हमारी पुरातन संस्कृति और सभ्यता जीवित हो उठती है। होली के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह केवल रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि यह सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा देना है। उन्हें बताया गया कि यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी सभ्यता और संस्कृति से अवगत कराना है। अंत में छात्र-छात्राओं को सुझाव देते हुए कहा कि बम-पटाखे का प्रयोग सावधानी से कम से कम और खुले मैदान में करें, क्योंकि इससे जान -माल की क्षति के साथ साथ पर्यावरण को भी नुकसान होता है।

होली के पावन पर्व के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने परंपरागत रंगबिरंगी वेशभूषा में होली के नृत्य गीत आदि प्रस्तुत किये।

## परियोजना बालिका हाइ स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सीओ को आवेदन सौंपकर अतिक्रमण रोकने की मांग की

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** परियोजना बालिका हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश यादव ने सीओ को आवेदन सौंपकर विद्यालय भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण रोकने की मांग की है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सीओ लिखे आवेदन में उल्लेख किया है कि खाता-99,प्लॉट-255 रकबा 1.50 एकड़ स्व०विश्वनाथ सिंह पिता बाबु जटाधारी सिंह के द्वारा 17 अगस्त 1984 की बिहार सरकार को विश्वनाथ सिंह गर्ल्स हाई स्कूल भवनाथपुर को हेतु दान में दिया गया है। कुल भूमि के आधे भाग में विद्यालय संचालन होता है। शेष भूमि का सीमांकन के अभाव में इस पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। वर्तमान में विद्यालय की भूमि का अतिक्रमण किया जा रहा है। अतः विद्यालय की भूमि का सीमांकन किया,जिससे अतिक्रमण पर रोक लग सके, और विद्यालय का भूमि सुरक्षित रहे। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने उक्त आवेदन की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी और थाना प्रभारी को भी दी है।

## जायंट्स ग्रुप ने बच्चों के बीच होली सामग्री का वितरण किया

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा स्थानीय खजूरी बिन टोला में कैलाश पर्वत पर जरुरतमंद बच्चों के बीच होली सामग्री अबीर, गुलाल मिठाई, चॉकलेट, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केसरी रूपा गंजी, फेडरेशन के पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## श्री बंशीधर नगर में होली उत्सव का आयोजन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** एमके इंटरनेशनल स्कूल श्री बंशीधर नगर में होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर अभिमन्यु कुमार सिंह, डायरेक्टर मनीष कुमार सिंह के होली तिलक से किया गया। होली उत्सव में स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर राय रोज ,मैनेजर रविंद्र शर्मा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, तथा सभी शिक्षक, अन्य स्कूल कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में भाग लिए। समारोह में सबसे अधिक उत्साह तब हरेंद्र यादव और सुनील कुमार यादव ने होली का गीत प्रस्तुत किया। सभी शिक्षक ने एक से बढ़कर एक होली का गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के डायरेक्टर अभिमन्यु सिंह ने सभी को होली की बधाई दिया है।

## रमकंडा में होली मिलन समारोह का आयोजन



**रमकंडा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को रमकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर सभी ने एक-दुसरे को अबीर लगा कर पर्व की बधाई दी। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में भोजपुरी गायक कौशल मधुर ने होली गीतों से लोगों को सराबोर कर दिया। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमकंडा अंचलाधिकारी अनिल रविदास, बीडीओ संजय कोनगड़ी,रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटिया, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष राजकिशोर यादव, मुखिया शकुंतला देवी, बीडीसी रूपम देवी, प्रमुख पति नंदलाल राम, मुखिया बिनोद प्रसाद और शिक्षक शिवलखन लकड़ा आदि ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये अंचलाधिकारी अनिल रविदास ने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को गमछा देकर सम्मानित किया गया। वहीं मंच संचालन मुखिया पति राजकिशोर यादव ने किया।

# भीड़भाड़ वाले इलाकों में पटाखा दुकानों को अनुमति न दी जाये : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड के गोदरमाना गांव में सोमवार को एक पटाखा दुकान में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी, जिससे गांव में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पीड़ित परिवारों के प्रति ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दुर्घटना को बेहद दुखद और हृदय विदारक बताया और पीड़ितों के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात :** पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और सरकारी मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ पीड़ित परिवारों तक पहुंचाने के लिए वह व्यक्तिगत रूप से प्रयासरत रहेंगे।

**सुरक्षा नियमों के पालन पर दिया जोर :** पूर्व मंत्री ठाकुर ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आम जनता और प्रशासन दोनों को सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पटाखों जैसी ज्वलनशील सामग्रियों की खरीद-बिक्री के दौरान पूरी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में पटाखा दुकानों को अनुमति न दी जाए। पटाखा बेचने वालों के लिए कड़े नियम बनाए जाएं और केवल मानक पूरा करने वालों को ही लाइसेंस मिले।

**प्रशासन को कड़े कदम उठाने की सलाह :** मथिलेश ठाकुर ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि सभी पटाखा दुकानों की जांच की जाये और केवल उन्हीं दुकानदारों को लाइसेंस दिया जाये जो सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

## मेराल में 14 मार्च को मनेगी होली, बैठक में लिया गया निर्णय

**मेराल (आजाद सिपाही।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम संचालन समिति की बैठक में 14 मार्च को रंगों का त्यौहार होली मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पहले गढ़देवी मंदिर में लिये गये निर्णय के अनुसार 15 मार्च को होली मनाने पर सहमति बनी थी, परंतु बैठक में सभी सदस्यों तथा गणमान्य लोगों ने विचार विमर्श के बाद होलिका दहन का समय 13 मार्च दिन गुरुवार को शुभ मुहूर्त 11:30 बजे रात्रि में रखा गया तथा रंगों का त्यौहार होली 14 मार्च दिन शुक्रवार को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, मेराल पूर्वी के मुखिया मुखिया रामसागर महतो, पश्चिम के मुखिया पति मुन्ना राम, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, विनोद प्रसाद, रामेश्वर सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
O/o General Manager -cum -Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area
Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002
Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670 E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

**Short e-Tender Notice**

Online tenders are invited from manufacturers/ authorized dealers/ supplier firms authorized by principal manufacturer for supply of under mentioned O&M Head materials

| NIT No | Sl No | Name of material | Unit | Quantity | Estimated Cost (inRs.) | EMD Amount (inRs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable) (inRs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 360/PR/JBVNL/ 2024-25 | 1 | 30 V 80 AH Battery Charging unit complete with battery and stand | Set | 15 | 1079842.00 | 21,600.00 | 2950.00 |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | From:- 17.03.2025 to 24.03.2025 up to 14.00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | From:- 17.03.2025to24.03.2025up to 14.00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of receipt of bid documents (Online) | :- | 24.03.2025upto 14:00 Hrs. |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno - Commercial Cover) i.e Cover-I | :- | 25.03.2025 at 15.00Hrs. |

**Terms &Conditions :-**

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
3. Bidders in order to participate in the bidding process have to get "Digital Signature Certificate (DSC), as per information Technology Act 2000 to participate in online bidding. This certificate will be required for digitally signing the bid. Bidders can get the above mentioned digital signature certificate from any approved vendors CCA (Controller of Certifying Authorities). Bidders, who already possess valid Digital Certificate, need not procure new Digital Certificate.
4. All required information for bid must be filled and submitted online.
5. Other details can be seen in the bidding documents.
6. The undersigned reserves the right to extend the date of submission of tenders or reject any or all tenders without assigning any reason thereof.
7. The undersigned reserves the right to distribute the orders to participating SSI units at L-I rates as per Industrial Policy of the State if will be applicable.
   1. Tender Notice is also available on our website : www.juvnl.in
   2. For any clarification please contact : 0651-2490550 /9431135609 .

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 348493 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D

Sd/-
GM-cum-C.E
ESA, Ranchi

# नशा से आर्थिक, शारीरिक और मानसिक क्षति : एसडीओ

**नशा छोड़ मुख्यधारा में आये लोगों को एसडीएम ने किया सम्मानित**

**नशा छोड़ चुके युवाओं ने जिले के युवाओं से की भावुक अपील, नशा छोड़ें वरना नरक हो जायेगी जिंदगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में बुधवार को ऐसे लोगों को आमंत्रित किया था जो लोग कभी नशे की गिरफ्त में होते थे, किंतु अब वे पूरी तरह नशामुक्त जीवन जी रहे हैं। पहले नशे के चलते उनका परिवार तबाही के कगार पर पहुंच चुका था, किंतु उन्होंने अपनी इच्छा शक्ति के बदौलत नशे को न कहा और धीरे-धीरे अब नशा मुक्त सामान्य जीवन जी रहे हैं।

**नशा छोड़ना मुश्किल नहीं, सिर्फ इच्छा शक्ति की जरूरत है :** कार्यक्रम में आये आमंत्रित सदस्यों ने अपनी अपनी कहानी सुना कर बताया कि किसी भी प्रकार के नशा को छोड़ना थोड़ा मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। अगर लोग चाहें तो अपनी इच्छा शक्ति के बलबूते नशे के दलदल से बाहर आ सकते हैं। 36 वर्षीय निशांत अग्रवाल ने बताया कि वे 14 साल तक चैन स्मोकर रहे हैं, एक समय था जब वह प्रतिदिन 7 से 10 पैकेट सिगरेट पी जाते थे, किंतु अब पिछले 3 सालों से वे पूरी तरह सिगरेट छोड़ चुके हैं। उन्होंने नशा कर रहे युवाओं से कहा कि समय रहते नशा छोड़ दें वरना जिंदगी जीते जी नरक हो जायेगी। 50 वर्षीय संजय पाल कहते हैं कि उन्होंने 25 वर्ष की आयु में तंबाकू और दारू का सेवन शुरू कर दिया था, लगातार नशे की लत में थे, एक दिन भी अपनी पत्नी को लेकर सदर अस्पताल आये हुए थे जहां उन्हें बातचीत के क्रम में डॉक्टर को यह कहते सुन लिया कि तंबाकू से कैंसर होता है। उसके बाद वह डर गये और उन्होंने धीरे-धीरे तंबाकू छोड़ दी। वे कहते हैं कि अब वे अपने अन्य परिजनों को भी तंबाकू छोड़ने के लिए दबाव डालते हैं।

**नशा करने वालों को परिवार में नहीं मिलता सम्मान :** 42 वर्षीय मंगरी देवी बोलती हैं कि वे महुआ शराब पीती थीं लेकिन उनके कुछ भैया लोगों ने उन्हें लगातार शराब छोड़ने को प्रेरित किया तो लगभग 2 साल पहले उन्होंने शराब छोड़ दी थी। उनका कहना है कि जब वे शराब पीती थीं तब उनके बच्चे भी वह सम्मान नहीं देते थे जो मिलना चाहिए, किंतु अब परिवार में उन्हें बड़ा सम्मान मिल रहा है।

**नशा मुक्ति में चिकित्सकों की होती है महत्वपूर्ण भूमिका :** कांडी प्रखंड के 35 वर्षीय बसंत राम कहते हैं कि वह 10 साल तक तंबाकू खाये, लेकिन जब उनकी पथरी का ऑपरेशन हुआ तो डॉक्टरों ने कहा कि यदि तंबाकू खाते रहेंगे तो उनकी पथरी जानलेवा हो जायेगी, इस डर से उन्होंने तंबाकू छोड़ दी।

आमंत्रित सभी सदस्यों को एसडीओ ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और कहा कि उनकी इच्छा शक्ति सैल्यूट करने योग्य है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में मनोचिकित्सक संजीव कुमार, नशा मुक्ति परामर्शी नीरज कुमार तथा जेएसएलपीएस के डीपीएम विमलेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 01 (एक) अदद दूकान को किराया पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए दिनांक 29/03/2025 तक (कार्यालय कार्य अवधि में) आवदेन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–


1. कुल दूकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में खुला डाक के माध्यम से दूकान का आवंटन किया जायेगा। दूकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदनकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदनकर्ता के नाम से एक ही दूकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दूकान आवंटित है, उसे दूकान आवंटित नहीं की जायेगी। जॉच के क्रम में गलत पाये जाने पर आवंटिक दूकान का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा । जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दूकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दूकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैसा प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. दूकान का प्रकार (10'x10' का दूकान ) एवं (9'x8' का स्टोर) कुल रकवा 172 स्क्वायर फीट, मासिक किराया 8. 75/प्रति स्क्वायर फीट निर्धारित है, जिसका प्रति दूकान कुल मासिक किराया मो0 1505.00 देय होगा।
8. प्रत्येक अगले तीन वर्ष पर 10% किराया में बृद्धि की जायगी।
9. निर्धारित मासिक किराया प्रत्येक माह कार्यालय में आकर जमा करना आवश्यक होगा।
10. लगातार तीन माह तक मासिक किराया नही देने पर लम्बित किराया का 10% अतिरिक्त भुगतान करना आवश्यक होगा।
11. लगातार छः माह तक मासिक किराया नही देने पर कानुनी कार्रवाई करते हुए आवंटित दूकान को खाली कराया जायेगा एवं राशि वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद दायर किया जायेगा।
12. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक स्थगिक करने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 348522 District (24-25)_D

## लातेहार विधायक ने उठायी सिकनी खदान खोलने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार विधायक प्रकाश राम ने विधानसभा सत्र के दौरान जेएसएमडीसी के द्वारा संचालित एकमात्र सिकनी कोलियरी मामले में तारांकित प्रश्न पूछते हुए बंद पड़े कोलियरी को खोलने की मांग रखी। विधायक ने सदन में बताया कि सिकनी कोलियरी लातेहार जिला के लिए कितना महत्वपूर्ण है। सरकार को राजस्व देने के साथ-साथ करीब 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देने का कार्य करती है। पिछले 5 वर्षों के दौरान राज्य सरकार को 300 से लेकर 500 करोड़ जबकि जिला को करीब 25 करोड़ का राजस्व दिया है। विधायक प्रकाश राम के सवाल पर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री ने कहा कि इसी माह मार्च महीने में खनन पट्टा अवधि विस्तार कर दिया जायेगा। अवधि विस्तार को लेकर विधायक प्रकश राम ने प्रयास कर केबिनेट में भी इस प्रस्ताव को पास करा दिया है।

**लोगों को रोजगार मिले इसके लिए प्रयासरत हूं : प्रकाश राम**

विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र को लोगों को रोजगार मिले, इसके लिए मैं हमेशा से प्रयासरत रहा हूं। आने वाले समय में भी अन्य कंपनियों और विभाग के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के साथ जोड़ने का काम करूंगा। लातेहार जिला सदियों से पलायन का दंश झेल रहा है, पलायन रोकने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

## सज गया होली का बाजार, शहर पर छायी होलियाना मस्ती

सत्यकाम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** होली त्योहार को लेकर शहर के बाजार में रौनक छाने लगी है। शहर का पूरा बाजार होली के दुकानों से सजा हुआ है। होली रंगों का त्योहार है, तो दुकानें भी रंग बिरंगी दिख रही हैं। जगह-जगह रंग बिरंग पिचकारियों से दुकानें सजी हुई हैं। अलग-अलग कलर के लिए बच्चे क्रेजी नजर आ रहे हैं। तो वहीं दुकानदार भी पिछली बार से ज्यादा सुविधा अपने ग्राहकों को दे रहे हैं और नये अंदाज में दुकानों को सजाये हुए हैं। होली के इस त्योहार में होली की स्पेशल सामग्री के साथ दुकान में बैठे व्यापारियों का मानना है कि अभी जितने ग्राहकों की उन्हें उम्मीद है उतने तो नहीं आ रहे हैं। लेकिन कल से ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद है। खासकर कपड़ों का बाजार सज चुका है। पिचकारी, गुलाल और कपड़े विभिन्न रेंज में मिल रहे हैं। पिचकारी 100 और 200 रुपये से लेकर चार-पांच हजार रुपये तक की कीमत में मिल रही है। नये कपड़ों का क्रेज महिलाओं और बच्चों में अधिक देखा जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि विभिन्न रंगों में मौजूद कॉटन के कुर्ते युवाओं की पहली पसंद बन गये हैं। रंग, अबीर गुलाल, पिचकारी, टोपी, मुखौटे की दुकानों पर लोगों की भीड़ लग रही है। वही पर्व को लेकर लोग नये कपड़े खरीदने के लिए उत्साहित देखे जा रहे है। बाजार में 200 से लेकर 900 रुपये तक कुर्ता और 300 से लेकर 800 रुपये तक पायजामा मौजूद हैं। वहीं लड़कियों के लिए लखनवी सूट 600 से लेकर 3000 रुपये तक में उपलब्ध है। वहीं होली के स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए लंबे मीनू लिए लोग खरीदारी को उमड़ रहे है। पुआ पकवानों के अलावा तरह-तरह के व्यंजनों के लिए खरीदारी भी चरम पा हो रही है। ड्राइ फ्रूट के मूल्यों में तो जैसे आग लग गयी है। मध्यम वर्गीय लोग काजू किशमिश, पिस्ता बादाम केवल सांकेतिक रुप से ही खरीद रहे है। जबकि संपन्न लोग थोक में किलो के हिसाब से खरीदारी में जुटी है।

**मुखौटों को लेकर क्रेज**

होली में रंग, पिचकारी के अलावा मुखौटों का क्रेज भी बहुत रहता है। होली के दिन ज्यादातर लोग अलग-अलग अंदाज में नजर आते हैं। बच्चों में मुखौटों को लेकर खासा क्रेज देखने को मिलता है। सुपरमैन, स्पाइडर मैन, छोटा भीम जैसे मुखौटों की मार्केट में खासा क्रेज है। बच्चे काफी पसंद कर रहे हैं।

### लोहरदगा के बरही में आदिकाल से चली आ रही पत्थर मार होली की परंपरा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कहीं कुर्ता फाड़ तो कहीं लट्ठमार होली भारत भर में होली मनाने की कुछ अलग-अलग तरह की पंरपरा हैं। लोहरदगा जिला में भी होली मनाने की आदिकाल से एक अनूठी पंरपरा चली आ रही। यह परंपरा बहुत निराली हैं। यहां इसको पत्थर मार होली के नाम से जाना जाता है। नाम के अनुरुप इस पंरपरा को पत्थर मार कर होली खेली जाती है। लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड स्थित बरही गांव में यह होली काफी प्रसिद्ध है। होली के दिन गांव के मुहाने पर स्थित माता की मंदिर के समक्ष दो झाड़ीनुमा खूंटे गाड़े जाते हैं। अरंडी और सेमर पेड़ों की डाली के खूंटे इस स्थान पर गाड़ने की परंपरा है। होलिका दहन के बाद यहां यह दो खूंटे गाड़ने का काम किया जाता है। इसके बाद गांव के लोगों के द्वारा हरी बोल के साथ खूंटा उखाड़ने के लिए दौड़ा जाता है। जो भी ग्रामीण इस झाड़ी नुमा खूंटे को उखाड़ने दौड़ते हैं, उनपर हजारों की संख्या में मौजूद ग्रामीण पत्थर बरसाने का काम करते हैं। जब तक खूंटा उखाड़ कर मंदिर तक लाया जाता है, तब तक ग्रामीण पत्थर चलाते रहते हैं। यह परंपरा पत्थर मार होली के नाम से जानी जाती हैं। होली का यह पर्व बड़े सौहार्द और प्रेम के साथ मनाया जाता हैं। इसे देखने दूर दराज से लोग यहां पहुंचते हैं।

## सीओ ने शांति और सौहार्द से होली मनाने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार शांति और सौहार्द से मिल जुल कर संपन्न कराने के उद्देश्य से वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्यारह पंचायतों में बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ मुदसदर नजर मंसूरी और थाना प्रभारी वारिश हुसैन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के साथ शांति व सौहार्द के साथ होली मनाने के लिये शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। ग्रामीणों के साथ होली का त्यौहार पर चर्चा करते हुए अपील किया गया कि शांति और सौहार्द के साथ सभी लोग मिल जुल कर रंगों का त्यौहार होली मनायें। साथ ही ग्रामीणों से अनुरोध किया जा रहा है कि जबरजस्ती किसी को रंग न दें। सौहार्द के साथ रंग दें और हंसी खुशी से मिल जुल कर त्योहार मनाये। किसी पर जबरजस्ती रंग न डालें। थाना प्रभारी वारिश हुसैन द्वारा ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि पर्व त्यौहार के दौरान किसी तरह का गलत अफवाह नही फैलाये। अगर किसी के द्वारा गलत अफवाह फैला कर शांति भंग करने का प्रयास किया जाता है तो उस पर नियम संगत कानूनी करवाई किया जायेगा। प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सभी लोगों के प्रति सभी बिंदुओं पर नजर रख रही है। पर्व त्यौहार का समय है। बच्चों को बिना हेलमेट का वाहन नही चलाने दें और सभी लोग दुर्घटना से बचने का प्रयास करें। वही प्रखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन शांति और सौहार्द के साथ त्योहार समापन कराने के लिये प्रयासरत है। मौके पर एसआइ अविनाश राम, सदर मोख्तार अंसारी, हरेंद्र साहु, रेयाज खान, कसमुल अंसारी, अशोक साहु, अफरोज अंसारी, मंसूर खान अजय उरांव, इशुप अंसारी, धर्मवीर यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सिंजो-जुंगुर पंचायत कमेटी का पुनर्गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका/ लातेहार।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक बुधवार को आयोजित किया गया। जिसमें सभी के सर्वसम्मति से सिंजो पंचायत के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, सचिव गायत्री देवी, कोषाध्यक्ष चलितर भुईयां, जुंगुर पंचायत के अध्यक्ष सोमर उरांव, सचिव अवधेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष विमला देवी, को चुना गया झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सिकेश्वर राम की अध्यक्षता में बैठक हुआ। उन्होंने बताया कि पार्टी के निर्देशानुसार पूरे प्रखंड में सभी पंचायत में कमेटी का पूनगठन किया जा रहा है। मौके पर पर्यवेक्षक कार्यकर्ता युवा नेता साकिंदर बाड़ा, युवा नेता जितेंद्र कुमार, झामुमो युवा जिला उपाध्यक्ष मुरारी ठाकुर, पूर्व प्रखंड सचिव संदीप उरांव, पूर्व महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष पूजा कुमारी, रामपाल उरांव, युवा मोर्चा पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, महिला मोर्चा पंचायत अध्यक्ष सुनीता देवी सिंजो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा टोरी रेल खंड पर नामुदाग गांव के समीप रेलवे लाइन पोल संख्या 508/13 के पास बुधवार की सुबह करीब 11: 30 बजे ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर कुडू पुलिस और आरपीएफ मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन अब तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। फिलहाल मृतक ट्रेन में यात्रा कर रहा था और उसकी गिरने से मौत हुई है या ट्रेन की चपेट में आया है पुलिस तमाम पहलुओं की जांच के साथ - साथ मृतक की शिनाख्त के लिए प्रयास कर रही है। साथ ही आसपास के थाना क्षेत्र में भी शव की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने आम लोगों से भी मृतक की सूचना मिलने पर कुडू थाना बताने की अपील की है।

## प्रखंड कार्यालय में होली मिलन समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड व अंचल कर्मियों के साथ-साथ प्रमुख सुशीला कुमारी व उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल समारोह में शिरकत की और एक दूसरे को गुलाल-अबीर लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने एक दूसरे को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली सामाजिक समरसता का त्योहार है। रंगोत्सव का यह त्यौहार आते ही लोगों में उमंग छा जाता है और हर लोग होली के रंग के रंगों में डूब जाते हैं। इसके अलावे बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने सभी कर्मियों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी बीपीओ कमलेश कुमार सिंह, प्रभारी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, जेइ संजय कुमार, जेइ सन्नी कुमार, रवि कुमार, पपु, अरुण, रामनाथ अंचल नाजिर मनोज कुमार पंचायत सेवक रोजगार सेवक समेत अन्य शामिल रहे।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए परामर्श कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेश के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए समावेशी शिक्षा अंतर्गत लोहरदगा प्रखण्ड के सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों के दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तकनीकी सहायक, समावेशी शिक्षा, धीरज पटेल ने बताया कि इस तरह के परामर्श कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के पोषक क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता अनुरूप उनकी दिव्यंगता के आधार पर पहचान करते हुए उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सफल प्रयास है। जिसमें अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में रिसोर्स शिक्षक, शीलवंती मिंज ने बताया कि सभी दिव्यांग बच्चे हमारी जिम्मेदारी है। जो शिक्षा से वंचित नहीं हो और उनका जुड़ाव शिक्षा से हो इसी क्रम में आज यह परामर्श का आयोजन किया गया है। ताकि इनको उपलब्ध कराये जाने वाले विभिन्न सरकारी लाभों यथा सहायक उपकरण, पुस्तकें, सहायता आदि के माध्यम से मुख्यधारा से जुड़ सके। इसके लिए विभाग और सरकार द्वारा आवश्यक रणनीति निर्माण कर शिक्षा की मुख्य धारा में बनाये रखने का हर संभव हर स्तर से प्रयास किया जा रहा है। बताया गया कि समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विभाग द्वारा दिव्यांग छात्रों को सीपी चेयर, व्हील चेयर,एम आर किट, रोलेटर, कैलिपर, फुट ऑर्थोटिक्स, कान की मशीन आदि उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू कुमारी, बीपीओ, लोहरदगा, धीरज पटेल, थेरेपिस्ट, शीलवंती मिंज, रिसोर्स शिक्षक, सीमा शर्मा, बीआरपी, त्रिसंध्या प्रजापति बीआरपी, श्यामा मिश्रा, बीआरपी आदि का सहयोग रहा साथ ही दिव्यांग बच्चों के माता पिता और अभिभावक भी उपस्थित हुए।

## छिपादोहर में फ्लैग मार्च



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बुधवार की शाम अंचलाधिकारी मनोज कुमार व छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में होली को लेकर बाजार के विभिन्न मार्गो में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। छिपादोहर थाना परिसर से पुलिस बल के साथ निकली फ्लैग मार्च छिपादोहर थाना रोड होते कुचिला पहुंची। कुचिला से वापस होते हुए मतनाग पहुँची उसके बाद थाना परिसर पहुंची जहां फ्लैग मार्च का समापन किया गया। जिले के पुलिस कप्तान और उपायुक्त के निर्देश के आलोक में होली में विधि व्यवस्था बनाये रखने एवं आपसी भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्यौहार मनाये जाने के संदेश को लेकर प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया।

## वाहन जांच अभियान में 11 बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से सेन्हा थाना क्षेत्र में लगतार वाहन जांच चलाया जा रहा है। जिस निमित पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर बुधवार को सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वहीं लगातार वाहन जांच होने के कारण मोटरसाइकिल चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। जिससे पगडंडी रास्ते से बाइक लेकर चालक वाहन लेकर भागते नजर आये। सेन्हा थाना क्षेत्र में बढ़ते सड़क दुर्घटना को रोकने तथा त्यौहार के दौरान नशा में वाहन चलाने को रोकने के उद्देश्य से वाहन जांच किया गया। साथ ही बिना हेल्मेट का मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। वाहन जांच के दौरान एसआइ साहेब कुंवर के नेतृत्व में पुलिस जवानों के सहयोग से वाहन जांच के क्रम में वाहन का डिक्की, बैग, थैला और वाहन से संबंधित सभी आवश्यक कागजातों का जांच किया गया। वही पुलिस प्रशासन द्वारा मोटरसाइकिल चालकों को कड़ी चेतावनी देने के बावजूद यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। दुर्घटना होने पर उसका परिणाम चालक एवं उसके परिवार और पुलिस प्रशासन को झेलना पड़ता है। पुलिस प्रशासन द्वारा काफी प्रयास के बावजूद सड़क दुर्घटना थम नही रहा है। जिस कारण सेन्हा थाना क्षेत्र में लगतार वाहन जांच अभियान चलाने पर जोर दिया जा रहा है। वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट का गाड़ी चलाते हुए 11 मोटरसाइकिल जब्त कर अग्रतर कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। मौके पर एसआइ साहेब कुंवर दल बल के साथ मौजूद थे।

## हेरहंज में बाइक से अफीम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता




**हेरहंज।** थाना क्षेत्र में अवैध अफीम के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई। इस कार्रवाई के दौरान छापामारी अभियान चलाकर एक बाइक से अफीम बरामद किया है। बाइक चालक बाइक छोड़कर भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के गुप्त सूचना के आधार पर हेरहंज थाना पुलिस के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें पांकी की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 03 जेड 9717 को हेरहंज भंडार चौक के समीप रोका गया। लेकिन बाइक चालक बाइक को रोककर फरार होने में सफल रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बताया गया कि थाना पुलिस कुछ दूर तक दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश की लेकिन अफीम माफिया जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। इसके बाद थाना पुलिस ने बाइक के डिकी को तोड़कर जांच की तो उससे अफीम बरामद किया गया है। हालांकि अफीम का वजन कितना था वह पता नहीं चल सका।

## समरसता और प्रेम का प्रतीक है होली : बिमलेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में धूमधाम से मनाया गया। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि होली समरसता और प्रेम तथा रंगों का त्योहार है। होली का पर्व द्वेष को मिटा कर समाज में समरसता और प्रेम कायम करने का प्रतीक है। वही रंगों का त्यौहार होली पूर्व संध्या पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर खुशियां मनायी गयी। भैया बहनों को संबोधित हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि हिरण्यकश्यपु के कहने पर होलिका प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश की थी। लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से भक्त प्रह्लाद बच गये और होलिका जल गयी। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन कर यह त्योहार को मनाया जाता है। विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा सभी भैया बहनों को होली की शुभकामनाएं दी गयी। वही भैया बहन एक दस्ते पर रंग, अबीर और गुलाल लगा कर बहुत खुश दिखाई दिये। मौके पर मीना देवी, संध्या कुमारी खुशी सहाय, जयप्रकाश सिंह, रिंकी कुमारी, अंजनी कुमारी, सुधीर उरांव समेत विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

## रंगों से सजा भंडरा बाजार



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड वासियों पर होली का रंग चढने लगा है। इस साल होली 14 और 15 मार्च को मनायी जायेगी। इधर, होली को लेकर बाजार की रौनक बढ़ गयी है। दुकानों में रंग और पिचकारियां सज गयी हैं। कपड़ों की दुकानों में भी भीड़ उमड रही है। पिछले कुछ वर्षों से गीले की जगह सूखे रंग ने ले ली है। पानी में घुलने वाले रंग भी बिक रही हैं। प्रखंड के अलग-अलग इलाकों में रंग गुलाल और पिचकारी की दुकानें सज गयी है। थोक विक्रेताओं ने पिछले साल की बिक्री और हालात देख पहले से ही रंग और गुलाल का स्टॉक मंगवा लिया है। प्रखंड में ज्यादातर रंग व पिचकारी रांची लोहरदगा से मंगाये जाते हैं। बाजार में रंगों के लगभग 10-15 ब्रांड हैं। रंगों के अलावा पिचकारी, मुखौटों और बैलून की भी खासी बिक्री होती है। होली की खरीदारी के लिए दुकान में ग्राहकों की भीड़ लगी है। प्रखंड बस्ती के गली-गली में होली के गीत सुनाई देने लगे हैं।

## होली आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक : विधायक




**विधायक आवास पर होली मिलन का आयोजन, जमकर उड़ें अबीर-गुलाल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के मौर्या फॉर्म हॉउस पर बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पांकी से भाजपा कार्यकर्ता सहित बीडीओ, सीओ, पांकी पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, पिपराटाडड़ थाना प्रभारी राजवर्धन, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी आदि शामिल हुए। होली मिलन में आए लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। वहीं, गायक दिनेश मोहक ने होली गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विधायक ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। हमें रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। कहा कि होली के त्योहार पर सभी को परस्पर प्रेम एवं सद्भावना का परिचय देना चाहिए। होली रंगों की तरह आपस में मिलकर रहने का संदेश देती है। इस मौके पर प्रो बचन ठाकुर, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, अविनाश वर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय, रत्नेश तिवारी, महामंत्री विजय ठाकुर, सुनील कुमार पासवान, सुनील कुशवाहा, मंदीप मेहता, निर्मल मेहता, लाला यादव, कमेश यादव, रंजय ठाकुर, शिव प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, उदेश यादव और वशिष्ट सिंह आदि उपस्थित थे।

## हमें एक-दूसरे के त्योहारों का आदर करना चाहिए : विनय



**पूर्व विधायक के आवासीय कार्यालय में होली मिलन का आयोजन**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक कमलेश सिंह के आवासीय कार्यालय परिसर में बुधवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कुमार उर्फ बीनू सिंह, रामप्रवेश सिंह, विनोद पांडेय, अखिलेश्वर मेहता, उदयनाथ विश्वकर्मा और अजय प्रसाद गुप्ता सहित नेता-कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। लोक कलाकारों ने होली का एक से बढ़कर एक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर फगुआ के रस में सभी को विभोर कर दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता विनय सिंह ने कहा कि होली सामाजिक समरसता को मजबूत करने का त्योहार है। जिस तरह होली के रंग एक-दूसरे से मिलकर खूबसूरती बिखेरते हैं, उसी तरह समाज के विभिन्न संस्कृति के लोग जब आपस में मिलकर एक-दूसरे के पर्व त्योहारों में शामिल होते है तो सुंदर भारत की तस्वीर उजागर होती है। उन्होंने कहा कि होली के साथ ही रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। हमें एक-दूसरे के त्योहारों का आदर करना चाहिए। कहा कि पूर्व विधायक कमलेश सिंह निजी कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके हैं। उन्होंने कहा है कि वह हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता के साथ हैं।

## आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में होली मिलन का आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को गुलाल-तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि हमें अबीर-गुलाल की अपेक्षा फूलों की सूखी होली खेलकर प्रकृति एवं शरीर को नुकसान से बचाना चाहिए। शारीरिक त्वचा संबंधी रासायनिक दुष्प्रभाव को इससे रोका जा सकता है। होली हिंदुओं के प्राचीन त्योहारों में से एक है। प्राचार्य ने कहा कि होलिका पर्व हमारे हृदय की मलिनता को दूर कर सौहार्दपूर्ण तरीके से रंगों की खुशियों को हम सब जीवन में समाहित करें। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता द्वारा प्रेषित होली की शुभकामनाएं दी।

### शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में होली मिलन का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में बुधवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रेमनाथ सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक सौहार्द का त्योहार है। इसमें जहां उमंग और उत्साह है वहीं भाईचारा भी है। उन्होंने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शिक्षक अरविंद कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, नागेंद्र प्रसाद सिंह, कंचन कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, सुधांशु कुमार, संदीप कुमार, संतोष कुमार और नागेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

### होल्डिंग टैक्स को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत ने चलाया अभियान

# एक साल से अधिक बकाया रखने वालों पर होगी कार्रवाईः तर्निश हंस

आजाद सिपाही संवाददाता



होल्डिंग टैक्स बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाते नगर प्रशासन के सदस्य।

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत की ओर से होल्डिंग टैक्स बकाया वसूली के लिए बुधवार को सघन अभियान चलाया गया। नगर प्रशासक के नेतृत्व में टीम ने थाना बल के साथ बड़े बकायादारों के ठिकानों पर दस्तक दी। कई व्यवसासियों एवं मकान मालिकों द्वारा एक वर्ष से अधिक समय से होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया जा रहा था। इन सभी बकायेदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा गया कि इनका खाता फ्रीज हो सकता है एवं दुकान-मकान को शील किया जा सकता है। जल्द से जल्द बकाया जमा करने की नसीहत देते हुए प्रशासक ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाते हुए अपना होल्डिंग टैक्स जमा करवायें। अन्यथा नगर प्रशासन मजबूर होकर कठोर कार्रवाई करेगा। गौरतलब हो कि नगरीय व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने, साफ सफाई को दुरुस्त रखने के लिए होल्डिंग टैक्स एक महत्वपूर्ण राजस्व का स्रोत है। इस अभियान में प्रशासक तर्निश कुमार हंस, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, सहायक अभियंता अजीत राज, अभिजीत दुबे, सुधांशु तिवारी, सुपरवाइजर रवि यादव, संजीत कुमार, अवधेश कुमार, उमेंद्र मंटू, प्रदीप, टीम लीडर राहुल चंदेल एवं हुसैनाबाद पुलिस बल शामिल थे।

## 22 मार्च को मतदाता की अंतिम सूची का होगा प्रकाशन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिले में नगरपालिका चुनाव की तैयारी तेज कर दी गयी है। मतदाता सूची को वार्डवार विखंडित कर मतदान केंद्रवार तैयार कर प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गयी है। इसी क्रम में गत 10 मार्च को मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग-ख), छतरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है जिसे एनआईसी पलामू के वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। उक्त प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 20 मार्च को संबंधित सीओ कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान प्राप्त किये जायेंगे। जिसके बाद 22 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

## रेल पटरी पर दो टुकड़ों में मिला युवक का शव



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के तोलरा और गढवा रोड़ रेलवे स्टेशन के बीच गुरहा गांव के समीप बुधवार की सुबह जीआरपी ने रेलवे ट्रैक से 30 वर्षीय एक युवक का शव दो हिस्सों में बंटा बरामद कियौ। उसकी पहचान रेहला थाने के गुरहा गांव निवासी अख्तर हवारी के रूप में हुई है। गढवा रोड़ जीआरपी थाना प्रभारी बीरबल राम ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पारिवारिक विवाद के बाद नाराज होकर वह घर से यह कहकर निकला था कि फिर वह वापस नहीं लौटेगा। थाना प्रभारी बीरबल राम ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## दो दिलों को जोड़ने और एक-दूसरे को मदद करने का त्योहार है होलीः डॉ कौशल

**पर्यावरणविद ने पौधा दान कर किया होली मिलन का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



फीता जोड़ते और पौधा दान कर उद्घाटन करते पर्यावरण धर्म गुरू डॉ कौशल।

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत चिरू के सुंगरी मोड पर नई बाजार के वार्षिक उत्सव पर आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने फीता जोड़कर किया। इस दौरान उन्होंने होली मिलन समारोह में बिहार से आये लोक कलाकारों को पौधा दान कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि पर्यावरण धर्म के अनुसार कोई भी शुभ कार्य में पौधा दान करने और फीता काटकर नहीं उसे जोड़कर शुभारंभ करने का विधान है। धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि विक्रम संवत के अनुसार वर्तमान वर्ष की समाप्ति और नववर्ष के आने की खुशी में हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन होते आ रहा है और आगे भी होते रहेगा। कहा कि मानवीय भुलों के कारण धरती के कई जीव समाप्त हो गए, जबकि कई जीव विलुप्ति की कगार पर है। पर्यावरण बचाने और खुद के लाभ के लिए किसान वृक्ष की खेती करें। उनके लिए फिक्स्ड डिपॉजिट के समान है। कहा कि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के किसान बड़े पैमाने पर वृक्ष की खेती करते हैं। जिसका भरपूर लाभ उन्हें मिलता है। वहीं, बिहार से आये व्यास सृजानंद पांडेय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्घाटन उनके जीवन का अनमोल क्षण है। मौके पर सचिन पांडे, रामप्रसाद यादव व्यास जी, बाजार समिति के अध्यक्ष समारु यादव, सचिव वीरेंद्र उरांव, सुखदेव यादव, अवधेश यादव, प्रमोद यादव, डॉ बीके यादव, बैजनाथ प्रसाद, पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, विशंभर यादव, भारत यादव, चंदन यादव, जय नंदन यादव, उमेश यादव, अरुण शाह, प्रमोद शाह, भारत यादव, दिनेश यादव, कामेश्वर यादव, मोहन सिंह, वीरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## पड़ोसी पर महिला से मारपीट-दुर्व्यवहार का आरोप, थाने में शिकायत

**धनसार (आजाद सिपाही)।** न्यू कालोनी निवासी सरिता देवी ने अपने पड़ोस के रिंकू सिन्हा और सोनू यादव के खिलाफ मारपीट और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए पुटकी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धनबाद पुलिस अधिक्षक को पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। सरिता का आरोप है कि गत सात मार्च की सुबह नौ बजे पड़ोसी रिंकू सिन्हा, उसकी पत्नी और सहयोगी सोनू यादव ने घर पर आकर गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद मारपीट कर सिर फोड़ दिया। कहा कि उसके घर के दरवाजे के पास सहजन (मुनगा) का पेड़ है। मुनगा की लकड़ी रिंकू के आंगन में गिर गया था। उसने मुझपर आरोप लगाया कि उसी ने उसके घर के आंगन में लकड़ी फंका है। हालांकि उसने कहा कि लकड़ी उसने नहीं फेंकी हैष बावजूद इसके उन दोनों ने मारपीट की। रिंकू सिन्हा के बच्चे ने दीपावली में भी मारपीट की थी।

### खतरे में टेमराई के ग्रामीण, दैनिक मात्रा से अधिक निकाले जा रहे पत्थर

# आजादी के सात दशक के बाद भी टेमराई के दलित गुलामी की जिंदगी जीने को हैं मजबूर

रंजीत पांडेय



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रशासनिक उदासीनता के चलते खनन माफियाओं द्वारा घनी बस्ती के बीच दैनिक मात्र से अधिक पत्थर का उत्खनन किया जा रहा है। यहां माईनिंग के नाम पर दलितों का शोषण किया जा रहा है। जिस कारण क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। उनके मकानों को ब्लास्टिंग से खतरा बना हुआ है। बतातें चलें कि नेउरा के टेमराई में पत्थर माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर पत्थर का अवैध उत्खनन किया जा रहा हैं। माईनिंग करने वाले दबंग की प्रताड़ना से कई गरीब परिवार उजड़ने की कगार पर पहुंच गये हैं। हाल यह है कि माईनिंग के लिए कराए जाने वाले विस्फोट के कारण कई परिवारों के कच्चे मकान की दीवारें दरकने लगीं हैं। इतना ही नहीं प्रतिदिन हाईवा जैसे वाहनों के आने-जाने से कच्ची सड़क की उड़ रही धूल से रास्ते के किनारे स्थित मकान धूल धुसरित हो गए हैं। धूलकण के कारण गरीब बच्चों को गंभीर बीमारियां होने का खतरा प्रबल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पत्थर का उत्खनन करने के लिए किये जाने वाले ब्लास्टिंग के चलते उड़ने वाले बड़े-बड़े पत्थर घरों पर गिरते हैं। गौरतलब हो कि टेमराई गांव चैनपुर थाना से सटे नेउरा पंचायत का गांव है। यहां हाल के दिनों में चतरा के एक दबंग नेता द्वारा माइंस लीज कराया गया हैं। आनन-फानन में माइंस शुरू भी कर दिया गया है। पत्थर का उत्खनन करने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। माइंस स्थल पर साफ दिखता है कि यहां काम करने वाले मजदूर और अन्य कर्मी के लिए सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं हैं। माईनिंग के सारे प्रावधानों की खुलेआम अनदेखी की जा रही हैं। निर्धारित दैनिक मात्रा से अधिक पत्थर का उत्खनन कर सलतुआ के इलाके में स्थित स्टोन क्रेशर में प्रतिदिन हाईवा से पत्थर भेजा जा रहा है। इसके बावजूद इन्हें रोकने वाला कोई नहीं हैं। इधर, इस संदर्भ में माईनिंग इंस्पेक्टर ने कहा कि जानकारी नहीं थी। जानकारी मिली हैं तो स्थल निरीक्षण कर संचालक को शोंकोज करेंगे।

## सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें त्योहारः डीसी

- सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री पर प्रशासन की पैनी नजर
- शांति भंग करने वालों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी
- शहरी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति और सफाई की रहेगी मुक्कमल व्यवस्था



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन औरएसपी रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से पलामू वासियों से होली-रमजान त्योहार सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। कहा कि शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी। त्योहारों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री पर भी प्रशासन की पैनी नजर है। सोशल मीडिया पर अहफवाह फैलाने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। त्योहार के मद्देनजर जिला मुख्यालय से लेकर अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी प्रतिनियुक्ति कर विधि-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। प्रत्येक प्रखंड के बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया गया है। संबंधितों को कर्तव्यों का पालन प्रभावपूर्ण ढंग से करने के लिए निर्देशित किया गया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं विशेष परिस्थिति में प्रतिनियुक्ति स्थल पर दंडाधिकारी की अनुपस्थिति में अपने स्तर से उस स्थान पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जिला एवं अनुमंडल स्तर पर सुरक्षित दंडाधिकारी रखे गये हैं। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं, त्योहार को लेकर शहरी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति एवं सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है।

## होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द्र का त्योहारः अविनाश देव




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में होली उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एसबी साहा, शैक्षिक प्रबंधक स्वाधीन पाल, समन्वयक और शिक्षकों ने दीप-प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अध्ययनरत छात्रों ने नृत्य एवं होली गीत गाकर शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। जबकि पलामू के सुप्रसिद्ध गीतकार पंकज निराला के होली गीत और श्याम किशोर पांडेय के की-बोर्ड की धुन पर शिक्षकों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर खूब झूमा। अविनाश देव ने कहा कि अलग-अलग धर्म-पंथ से ताल्लुक रखने के बावजूद शिक्षकों को एक रंग में रंगा देखकर प्रतीत हो रहा है कि अशिक्षा ने ही हमारे देश को विभिन्न जाति, धर्म एवं पंथों में विभाजित कर दिया है। जबकि जो शिक्षित हैं, वे भली-भांति जानते हैं कि हम सब एक ही संतान हैं। कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इसलिए आपसी द्वेष, मतभेद एवं द्वंद्व को मिटाकर प्रेम को पल्लवित करें और होली के संदेशों को आत्मसात कर समाज-हित में काम करें। वहीं विभिन्न राज्यों से आए मेंटर्स एडुसर्व शैक्षिक संस्थान के रीजनल मैनेजर राहुल राजा एवं शिक्षकों ने पलामू के स्नेह को खूब सराहा। इस मौके पर प्रवीण दुबे, समन्वयक अमरेंद्र कुमार,रिजवाना परवीन, निकिता गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सिंह मेंशन आवास में महिला होली मिलन का आयोजन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** विधायक रागिनी सिंह की पहल पर सिंह मेंशन आवास पर बुधवार को महिला होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों एवं अन्य महिलाओं के साथ विधायक ने जमकर होली खेली। इस दौरान सभी में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं, पूर्व विधायक कुंती देवी ने सभी मिलने वालों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, पूर्व मेयर की पत्नी वीणा अग्रवाल, श्वेता (किन्नर), भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा सिंह, रमा सिन्हा, रीता यादव, डेजू पांडे, बीना देवी सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

### आयुष फाउंडेशन की ओर से होली मिलन का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आयुष फाउंडेशन ने इस वर्ष भी अपने वार्षिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें धनबाद के कई प्रतिष्ठित लोग, समाजसेवी और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन आयुष फाउंडेशन धनबाद की सचिव अर्पिता अग्रवाल ने किया। कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह एकता, भाईचारे और समाज में प्रेम का प्रतीक है। आयोजन के माध्यम से हम सभी को सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने का अवसर मिलता है।

# किसानों की समस्याओं पर ज्यादा फोकस करें कार्यकर्ता : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** बुधवार को कांग्रेस पार्टी गुमला जिला कमिटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में हुई। मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक सह गुमला जिला प्रभारी भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए।

विधायक भूषण बाड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए मुझे दो जिला का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट हो और डोर टू डोर लोगों को कांग्रेस पार्टी के बारे में जानकारी दे। साथ ही पार्टी के कार्यकलाप की जानकारी साझा करें। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी वरीय पदाधिकारी को प्रखंड स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता से संपर्क कर पार्टी के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहिए। कहा कि कार्यकर्ता आम जनता के साथ साथ किसानों के मुद्दो पर फोकस करें। आज क्षेत्र के किसान कई समस्या से जूझ रहे हैं। पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ता का उत्साह और मनोबल टूटने नहीं दिया जायेगा। संगठन का एक-एक कार्यकर्ता बहुत कीमती है और पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान बराबर हैं। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता आम जनता को सम्मान दें। उनके हर सुख दुख में शामिल हों और उनकी समस्या को दूर करने का प्रयास करें। बैठक को जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में रमेश कुमार चीनी, अकिल रहमान, दीपनरायण उरॉव,राम निवास प्रसाद, सुनीता तिर्की, रिजवान अंसारी,तरुण गोप,मनीष कुमार साहू, शकील अहमद, प्रदीप सोरेंग, पुरूषोतम कुजूर, मो. मिन्हाज, मुख्तार आलम, खालिद शाह,गुलाम सरवर, विजय ठाकुर, बैबुल अंसारी, राजू भगत, बिहारी भगत, साहेब वाशिम, आजाद अंसारी सहित कांग्रेस पार्टी की सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोसो कदम टोली से नाबालिग लापता, परिजनों ने लगायी खोजबीन की गुहार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के सोसो कदम टोली गांव से 12 वर्षीय छात्र महेश्वर उरांव पिता बिफई उरांव बीते माह 26 फरवरी से लापता है। वह गुमला के लूथेरन मध्य विद्यालय में चौथी कक्षा में पढ़ाई करता था। परिजन उसकी काफी खोजबीन किए लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। बुधवार की सुबह 9 बजे सुबंती उरांव ने गुमला थाना को आवेदन देते हुए बताया छात्र मेरे मामा का बेटा है और वह मेरे पास सोसो कदम टोली में ही रहकर पढ़ाई करता था। 26 फरवरी को शौच जाने की बात कह कर घर से निकला उसके बाद वापस लौटकर नहीं आया। परिजनों ने गुमला थाना को आवेदन सौंप कर छात्र को खोजने की गुहार लगायी है।

# शहर में विधि-व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आगामी होली एवं रमजान पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक गुमला एवं जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक वीडीओ कॉन्फ्रेंसिंग मे माध्यम से आयोजित की गयी।

बैठक में होली एवं रमजान पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए एक-एक कर सभी बिंदु पर जानकारी प्राप्त करते हुए कई आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्षों का कर्तव्य होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को संपन्न करायें।

उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही त्योहार को ध्यान में रखते हुए ऐसा क्षेत्र, जहां अधिक संख्या मे लोग जुटते है वैसे क्षेत्रों मे सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती, पुलिस गस्ती दल का संबन्धित क्षेत्र मे भ्रमण तथा अग्निशमन दल से समन्वय स्थापित कर वाहन की उपलब्धता तथा वैसे क्षेत्रों मे नो एंट्री जैसी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो, इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि त्योहार के अवसर पर अशांति फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र अंतर्गत शरारती एवं उपद्रवी तत्वों पर तथा उनके मूवमेंट पर विशेष निगरानी रखी जायेगी।

# डीएवी में वार्षिकोत्सव सृजन का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में नवीन कोपलों के सर्वांगीण विकास को समर्पित वार्षिकोत्सव सृजन का आगाज हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन जे सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी हेहल प्रधानाचार्य एसके मिश्रा, सिविल जज सह ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट श्रद्धा भूषण, डीएवी गुमला एलएमसी मेंबर देवसागर सिंह, डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू, डीएवी खूंटी प्रधानाचार्य मनोजेश्वर कुमार, डीएवी सिमडेगा प्रधानाचार्य सुजोय कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर आभार तथा सम्मान प्रकट किया। उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। उन्होंने अतिथियों को विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी और कहा कि इसका श्रेय अभिभावकों के सहयोग, विद्यार्थियों के परिश्रम एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को जाता है। एसपी गुमला ने कहा कि लर्निंग एक प्रक्रिया है जिसकी नींव स्कूल में पड़ती है क्योंकि स्कूल में शिक्षा के साथ वैल्यूज सिखाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा को आनंदपूर्वक अपनायें, पढ़ने से ज्यादा सीखने पर फोकस करें, कॉन्सेप्ट पर बल दें। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों को कम तनाव दे और उन्हें परसेंट के पीछे भागने से ज्यादा अच्छा परसेंट कैसे प्राप्त करें यह बतायें। श्री एसके मिश्रा ने कहा कि आज का यह लोमहर्षक एवं अविस्मरणीय कार्यक्रम सुकून देने वाला है। विद्यालय सृजन एवं इनोवेशन का हब है। हमें बच्चों को जीने की कला सिखानी है। इसके पूर्व कैडेट ताशा झा के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने मुख्यातिथि की अगुवाई की। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

# भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में होली मिलन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा के देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों और स्टूडेंट्स ने एक-दूसरे को चंदन का टीका और अबीर-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। होली मिलन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि जिस प्रकार के होली के रंग वातावरण को उल्लास और उत्साह से भरने के साथ खुशियां फैलाते हैं, उसी प्रकार हमें भी दूसरों के जीवन में खुशी के रंग भरने चाहिए। इस मौके पर शिक्षको ने सभी स्टूडेंट्स की मंगल कामना किया और जीवन में सफलता का मूल मंत्र दिया। प्राचार्य ने होली की सभी स्टूडेंट्स और शिक्षकों को बधाई दिया और आने वाले नववर्ष की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने प्रकाश पांडेय, शशि भूषण गोस्वामी, आकांशा सिंह, नूतन सिंह, निशा कुमारी, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या कच्छप, प्रियंका कुमारी, सुभद्रा देवी, दीपा देवी, सपना कुमारी, कविता पांडेय, ज्योति देवी, जूही कुमारी और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार : केशव चंद्र साय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शबरी आश्रम कन्या छात्रावास तर्री में होली मिलन समारोह का बुधवार दिन के 2 बजे आयोजन किया गया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के गुमला विभाग मंत्री केशव चंद्र साय, फसिया पंचायत के मुखिया, सह वनवासी कल्याण केंद्र गुमला जिला समिति के सदस्य नरेश उरांव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख सह नगर समिति सदस्य कपूर्री ठाकुर, शबरी आश्रम तर्री, समिति सदस्य ललिता देवी, गुमला विभाग संगठन मंत्री खेदू नायक, प्रांत महिला प्रमुख ललिता कुमारी आदि के द्वारा वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक पूज्य बालासाहेब देशपांडेय, मां भारती एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर केशव चंद्र साय ने होली पर्व मनाने के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि रंगों का त्योहार होली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है। हमें इस पर्व के माध्यम से समाज में एकजुट होकर राष्ट्र हित, एवं समाज हित के कार्य करना चाहिए, ताकि बुराई पर अच्छाई की विजय हो सके। मुखिया नरेश उरांव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शबरी आश्रम की बहनों ने सामूहिक भजन-कीर्तन कर कार्यक्रम को भक्तिमय कर दिया तथा एक दुसरे को अबीर लगा कर होली की हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाए दी।

मौके पर वनवासी कल्याण केंद्र गुमला जिला संरक्षक शशि रंजन अखौरी, शबरी आश्रम की अध्यक्ष सीमा अखौरी,समिति सदस्य कलेश्वरी देवी, गुमला नगर के संजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, जिला महिला प्रमुख लक्ष्मी कुमारी, सहित शबरी आश्रम की बहनें उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन शबरी आश्रम की बहन नमिता कुमारी ने की।

# चैंबर सदस्यों ने अबीर लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 11 मार्च दिन मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के बस स्टैंड रोड स्थित कार्यालय में होली मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में चैंबार अध्यक्ष राजेश सिंह स्वंय उपस्थित होकर जितने भी चैंबर के पदाधिकारी, सदस्य और व्यापारी उपस्थित थे सबों का स्वागत किया और सब ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर प्रेम और भाईचारे की का परिचय दिया। सब ने एक दूसरे को बधाई दी सभी मेहमानों के लिए व्यंजन का भी इंतेजाम किया गया था। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल राजेश लोहानी सचिव बबलू वर्मा सह सचिव प्रणय साहू कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल आदित्य गुप्ता निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा पूर्व अध्यक्ष पदम साबु, पवन अग्रवाल, सरजू प्रसाद साहू हिमांशु केसरी दिनेश अग्रवाल कार्यकारिणी के विकास सिंह मुन्नीलाल साहू दिलीप गुप्ता गुरमीत सिंह अजय कुमार राणा, अनिकेत कुमार, रितेश गुप्ता शंकर लाल साहू योगेश शर्मा, राहुल केशरी, रूपक कुमार, राजेश गुप्ता, रवि गुप्ता आदि अन्य कई व्यापारी शंकर जाजोधया, मनोज गुप्ता विजय गुप्ता पंकज सोनी चीनू साबू मनीष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# सूड़ी धर्मशाला में होली के गीतों पर झूमे लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** होली खेले रघुवीरा अवध में.... होली.. गीत के साथ बुधवार की शाम सूड़ी धर्मशाला में सामाजिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बनारस से आये पायल बनारसी एंड ग्रुप के कलाकारों ने भोले बाबा और होली के गीत प्रस्तुत कर समा बांधने का काम किया। सूड़ी समाज के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार और सचिव संदीप कुमार के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में काफी संख्या में लोग शामिल हुए और रंग गुलाल और पुष्प वर्षा कर होली का आनंद उठाया। पायल बनारसी से अपने होली गीतों में महिलाओं और युवाओं को झूमने को मजबूर कर दिया। इस अवसर पर जिला कमेटी की ओर से समाज के सम्मानित जनों को अंग वस्त्र व गुलाल लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, शिव प्रसाद साहु, मनीष हिंदुस्तान, डॉ सौरभ प्रसाद,डा पूजा प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। अध्यक्ष सूरज साहु और सचिव संदीप प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं बुधवार को पालकोट रोड स्थित लक्ष्मी मंदिर में राष्ट्रीय तेली महासभा और पर्यटन भवन में भाजपा ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। बाइपास स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट हाल में जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह सचिव नवीन जायसवाल के नेतृत्व में धूम-धाम से मनाया गया।

# रांगे में सूक्ष्म उद्यमिता विकास के लिए किराना दुकान शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन, नयी दिल्ली द्वारा संचालित संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम के तहत आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा बुधवार को बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत रांगे ग्राम में सूक्ष्म उद्यमिता विकास हेतु अनुसूचित जनजातीय समुदाय के लिए स्थापित किराना दुकान का शुभारंभ किया गया। रांगे ग्राम स्थित महुआ फूल उत्पादक संगठन की महिलाओं को अपने स्थानीय ग्राम में किराना दुकान स्थापित कर जीविकोपार्जन के संवर्धन के लिए परियोजना के द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के समन्वयक अजीत उरांव, जिला परिषद् सदस्य पवन उरांव, संस्था के कार्यकर्ता नीरज गोप सहित स्वयं सहायता समूह की अन्य महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



स्मृति मंधाना की फिफ्टी, स्नेह राणा को 3 विकेट, सिवर ब्रंट ने 69 रन बनाये। बेंगलुरु की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट पर 199 रन बनाये।

## विमेंस प्रीमियर लीग : बेंगलुरु ने मुंबई को 11 रन से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग के 20वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 11 रन से हरा दिया। ब्रेबोर्न स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 3 विकेट खोकर 199 का स्कोर बनाया। कप्तान स्मृति मंधाना ने 53 रन की पारी खेली।

मंगलवार को 200 रन का पीछा कर रही मुंबई की टीम 20 ओवर 9 विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी। नैट सिवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 69 रन बनाये। बेंगलुरु के लिए ऑलराउंडर स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।




मुंबई इस हार के बावजूद खिताबी रेस में शामिल है। वहीं डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी जीत के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है।

**मंधाना की फिफ्टी, आरसीबी ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन बनाये**

बेंगलुरु की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट पर 199 रन बनाये। टीम से कप्तान स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। 37 गेंद की पारी में उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के भी लगाये। एलिस पैरी ने 38 गेंद में 49 रन की नाबाद पारी खेली। ऋचा घोष ने 22 गेंद में 36 रन बनाये। वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 10 गेंद में 31 रन बनाकर नाबाद रहीं। ओपनर सबनेनी मेघना ने 13 गेंद में 26 रन बनाये। मुंबई इंडियंस से हैली मैथ्यूज को 2 और अमेलिया केर को एक विकेट मिला। आरसीबी ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन जोड़े।

**नैट सिवर ब्रंट को साथ नहीं मिला**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए सिवर ब्रंट ने 69 रन की बेहतरीन पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला। आखिरी ओवरों में सजीवन संजना (23 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (20 रन), हैली मैथ्यूज (19 रन) और अमनजोत कौर (17 रन) को शुरूआत अच्छी मिले लेकिन वे सभी अपनी पारी को लंबी नहीं कर सकी। स्नेह राणा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। किम गार्थ और एलिस पेरी को 2-2 विकेट मिले।

## मांझाटोली के पास पोल से टकराकर युवक की मौत

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** मंगलवार रात एक व्यक्ति ने अनियंत्रित मोटरसाइकिल से मांझाटोली के समीप बिजली पोल को मारा टक्कर जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीरावस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कुशवंत सिंह पिता कृष्णा सिंह उम्र 20 वर्ष ग्राम भुडूघाट थाना रायडीह के रूप में हुई। शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# नीति आयोग की दो सदस्यीय टीम ने डुमरी का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यों के निरीक्षण हेतु नीति आयोग के संयुक्त सचिव केएस रीजीमोन एवं वाइपी शुभम राय द्वारा डुमरी प्रखंड के औरापाठ गांव का दौरा किया गया। श्री रीजीमोन द्वारा औरापाठ में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गयी एवं वहां के ग्रामीणों से संवाद किया गया।

इस गांव को आकांक्षी प्रखंड के तौर पर विकसित किया गया है। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम द्वारा उन प्रखंडों का चयन किया जाता, जहां अबतक विकास कार्य नहीं हो पाया। जो विकास मानकों में अबतक पिछड़े हैं। वहां सामाजिक आर्थिक बदलाव लाना इस कार्यक्रम का मकसद है।

इस कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम डुमरी प्रखंड अंतर्गत मॉडल विलेज के रूप में विकसित औरापाठ गांव का दौरा किया गया। इस गांव में कोरबा व असुर जाति के 41 परिवार (पीवीटीजी समुदाय) है। वहां उपस्थित महिलाओं द्वारा जानकारी दी गयी की उन्हें सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा और उन योजनाओं से प्राप्त हो रहे पैसे से महिलाएं खेती बारी कर रहीं हैं। योजनाओं से प्राप्त पैसों से बच्चों की शिक्षा में भी काफी सहयोग मिलता है। इसके उपरांत मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, औरापाठ का भी दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया तथा वहां के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, औरापाठ का निरीक्षण कर बच्चों की पढ़ाई संबंधित जानकारी ली और बच्चों की शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया।

## मिक्सर ग्राइंडर रिपेयरिंग को लेकर हुए विवाद में दिया घटना को अंजाम

# मामूली विवाद में व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**मृतक की पत्नी की शिकायत पर थाने में एफआइआर दर्ज, पुलिस ने महिला सहित दो युवकों को लिया हिरासत में**

आजा सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित शांति भवन के तिवारी गली के समीप बुधवार की सुबह 8.30 बजे मिक्सर ग्राइंडर रिपेयरिंग को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान आस नारायण भारती के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया है। दूसरी ओर, मृतक की पत्नी निर्मला देवी की शिकायत पर बैंकमोड़ पुलिस ने तिवारी गली खटाल के रहने वाले रवि यादव, उसके भाई बच्चा उर्फ डीके यादव, मनोज यादव और रवि के बेटे राज यादव के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली है। हालांकि घटना के बाद से चारों फरार है। वहीं, पुलिस ने आरोपित के घर के एक युवक और दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।




मारपीट में व्यक्ति की मौत के बाद मौके पर मौजूद परिजन एवं बैंकमोड़ थाना।

### घर में घुसकर पिटाई करने का आरोप

इस बाबत मृतक के परिजन विनोद भारती ने बताया कि आस नारायण का भतीजा आर्यन भारती मिक्सी रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। तिवारी गली खटाल के रहने वाले सिद्धनाथ यादव ने उसे मिक्सी रिपेयरिंग के लिए दी थी। इस दिन सुबह सिद्धनाथ यादव मिक्सी मांगने घर पहुंच गया। जहां मिक्सी मशीन रिपेयरिंग के बदले पैसे मांगने को लेकर आर्यन और सिद्धार्थ के बीच कहासुनी हो गयी। आरोप है कि गाली-गलौज के बीच सिद्धनाथ यादव के रिश्तेदार रवि यादव, बच्चा यादव, मनोज यादव और राज यादव भी लाठी-डंडा लेकर घर में आ धमके और आर्यन के साथ मारपीट करने लगे। उधर, भतीजे को मार खाता देख आस नारायण बीच बचाव को आये तो उनपर भी लाठी-डंडे से हमला कर दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गयी। मृतक की पत्नी निर्मला ने आरोप लगाया कि पति की पिटाई के बाद आरोपितों ने उन्हें, उनकी गोतनी और भतीजा विनोद भारती की भी बुरी तरह पिटाई की। यही नहीं, सिद्धनाथ यादव और उसके रिश्तेदारों ने पति की हत्या के बाद पति के गले से सोने की चेन और घर में रखी नगदी भी ले भागे। निर्मला देवी ने परिवार पर जान का खतरा बताते हुए थाने में एफआइआर दर्ज करवायी है। वहीं, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार ने कहा कि मिक्सी मशीन को लेकर आपस में विवाद हुआ था। जिसे लेकर मारपीट हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक को हार्ट और बीपी की बीमारी थी। मृतक की पत्नी निर्मला देवी की ओर से थाने में लिखित शिकायत की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो सकेगा।

# प्रतापपुर पावर सब स्टेशन में एक दर्जन अपराधियों ने धावा बोला, कर्मियों को बंधक बनाकर लूटपाट

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी/बेरमो।** निमियाघाट थाना क्षेत्र स्थित बिजली विभाग के प्रतापपुर पावर सब स्टेशन में मंगलवार की रात दो वाहनों से आये एक दर्जन अपराधियों नेधावा बोल दिया। कर्मियों को बंधक बनाकर वहां से करीब एक लाख 40 हजार रुपए मूल्य के ब्रेकर में लगी बैट्री, एक बाईक, टीवी और दो मोबाईल फोन लूटकर फरार हो गये। इस दौरान स्टेशन कर्मियों के साथ बदमाशों ने मारपीट भी की। उधर, घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमीत प्रसाद और थाना प्रभारी सुमन कुमार सब स्टेशन पहुंचे और कर्मियों से घटना की जानकारी ली। बतातें चलें कि जहां घटना हुआ वहां से निमियाघाट थाना महज कुछ दूरी पर ही है। पर अपराधी एक घंटे तक लूटपाट करते रहे और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। बताया जा राह कि सब स्टेशन में रात में एसबीओ युगलराम महतो और हेल्पर भुनेवर महतो डयूटी पर थे। दोनों कर्मी सब स्टेशन के कंट्रोल रूम के अंदर थे। देररात 1.30 बजे जब युगल राम महतो शौच के लिए निकला तो सफेद रंग की बिना नंबर के स्कार्पियो और सफेद रंग की बोलेरो पीकअप वैन से आये अपराधियों ने उसे और हेल्पर भुनेवर महतो को चाकू का भय दिखाकर कब्जे में ले लिया। इससे पहले दोनों के साथ मारपीट भी की और उनका मोबाइल फोन और सब स्टेन का सरकारी मोबाईल छिनकर दोनों को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद अपराधियों ने 33 और 11 केवीए के ब्रेकर में लगे 32 बैट्री, भुनेवर महतो की बाईक, एक टीवी सहित कर्मियों का मोबाइल फोन लेकर दोनों वाहनों में बैठ कर फरार हो गये। हालांकि भागते समय अपराधियों ने सब स्टेशन का किपेड वाला सरकारी मोबाइल फोन वहीं फेंक दिया। वहीं, अपराधियों के जाने के बाद जब कर्मियों ने कमरे के अंदर से शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण पहुंच कर दोनों को बाहर निकाले तब घटना की जानकारी हुई। उदर, सूचना पाकर रात को ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली, जबकि एसडीपीओ बुधवार सुबह पहुंचे।

## पंचायत क्षेत्र के हर बच्चे को स्कूल भेजने का मुखिया लें संकल्प: डीडीसी




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पंचायत के हर बच्चे को स्कूल भेजने का हर मुखिया संकल्प लें। इसमें सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाएं। मनुष्य के विकास और सफलता में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त बातें डीडीसी सादात अनवर ने कही। वे बुधवार को न्यू टाउन हॉल में झारखंड शिक्षा परियोजना, धनबाद की ओर से आयोजित जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुरू से अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए। इसके लिए मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता आवश्यक है। मुखिया को हर महीने विद्यालयों का भ्रमण करना चाहिए। वहां जो भी कमी है उसे दूर करनी चाहिए। ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय में वापस लाने के लिए उनके माता-पिता से मिलकर पहल करनी चाहिए। पंचायत के बच्चे शिक्षित होंगे तो पंचायत भी आगे बढ़ेगी। सरकार की जनप्रतिनिधियों से यही अपेक्षा है। वहीं, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को समय-समय पर विद्यालय में जाना चाहिए। बच्चों की उपस्थिति की जांच करनी चाहिए। सरकार बच्चों को शिक्षित करने के लिए सारी सुविधाएं दे रही है। उन्होंने कहा कि आठवीं के बाद गांव की बच्चियां स्कूल नहीं जाती है। मुखिया को ऐसी बच्चियों के माता पिता से मिलकर समस्या जाननी चाहिए और उसका समाधान करना चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इससे शिक्षा का विकास संभव है। मध्यान भोजन के साथ त्योहारों के दौरान तिथि भोजन की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। वहीं, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार ने नव साक्षरता कार्यक्रम, जन चेतना केंद्र सहित अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विभिन्न पंचायत के मुखिया को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह के अलावा कलियासोल, गोविंदपुर, निरसा, एगारकुंड, बाघमारा, पूर्वी टुंडी, धनबाद एवं टुंडी के बीडीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित विभिन्न पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

## खदानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर सीसीएल-सीआइएसएफ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**फुसरो/बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के खदानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर ढोरी जीएम कार्यालय में बुधवार को सीआइएसएफ और सीसीएल अधिकारियों के बीच द्वीपक्षिय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जीएम रंजय सिन्हा ने की। बैठक में क्षेत्र में हो रही कोयला चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्र में की जा रही छापामारी, क्यूआरटी एवं महिला बल सदस्यों द्वारा की जाने वाली गश्ती, ड्रोन से निगरानी और चेक पोस्ट-कांटा घर में की जाने वाली कार्रवाई को लेकर चर्चा की गयी। सीआइएसएफ द्वारा छापामारी के दौरान जब्त किये गये कोयला एवं स्थानीय पुलिस को सौंपे गये कोयला चोरों की बाइक के बारे में जानकारी दी गयी। कहा गया कि खदानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे और वाहन ट्रेकिंग प्रणाली का इस्तेमाल किया जा रहा है। आरएफआइडी, एएनपीआर सॉफ्टवेयर यथाशीघ्र स्थापित किये जायेंगे। माइंस एरिया के स्टोर एवं कांटा घर में पर्याप्त रोशनी और अतिसंवेदनशील जगहों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने पर सहमति बनी। सीसीएल अधिकारियों ने सीआइएसएफ के साथ सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने और कोयला ट्रांसपोर्टिंग में आने वाली बाधाओं को यथाशीघ्र दूर करने पर चर्चा की। इस दौरान सीआइएसएफ अधिकारियों और जवानों द्वारा उत्पादन लक्ष्य हासिल करने में दिये जा रहे योगदान की सराहना की गयी। स्थानीय पुलिस और सीसीएल सुरक्षा गार्ड द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी किये जाने पर चर्चा हुई और इस प्रकार की बैठक आगे भी किये जाने पर सहमति बनी। क्यूआरटी द्वारा अवैध माइनिंग की डोजरिंग करने की जानकारी साझा की गयी। बैठक में एएडीओसीएम पीओ राजीव कुमार सिंह, सीआइएसएफ के उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह, वरिष्ठ कमांडेंट शशि रंजन, महाप्रबंधक सुरक्षा मेजर मनीष, सहायक कमांडेंट पटेल कार्तिक शरद, अक्षय नायर, केवी अनंथा श्रीधर, एरिया सुरक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह और संतोष कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

## महुदा में अवैध कोयला तस्करी, पुलिस पर उठे सवाल

**महुदा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने मंगलवार की रात लोहापट्टी-चंद्रपुरा मुख्य मार्ग स्थित जमुनिया नदी चेकपोस्ट पर गश्ती के दौरान अवैध कोयला लदा वाहन पकड़ा। जो दुगदा क्षेत्र से अवैध कोयला लेकर लोहापट्टी होते हुए बोकारो की ओर जा रहा था। पुलिस वाहन में सवार चालक आकाश गोप और उसके सहयोगी को पकड़कर महुदा थाने लायी, जबकि कोयला लदे वाहन को तेलमोच्चो चेकपोस्ट भेज दिया गया। चालक आकाश गोप ने बताया कि यह कोयला दुगदा के सोरेन गोप का है, जिसे बोकारो ले जाया जा रहा था। वहीं, थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि जांच-पड़ताल जारी है। कागजातों की जांच के बाद ही कार्रवाई की जा रही हैं।

## युवाओं-बेरोजगारों को छला गया: डिंपल चौबे




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की महिला जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार के आम बजट में युवाओं और बेरोजगारों की कोई चर्चा नहीं है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इस बजट में युवाओं के लिए किसी भी प्रकार का कोई पहल नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था पर बजट में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। राज्य के युवा बजट आने के बाद मायूस है। देखा जाए तो राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ निरंतर खिलवाड़ किया जा रहा है। एक समय जेपीएससी एसएससी के पेपर लीक होते थे। आज नौबत यह आ गई है कि बोर्ड का प्रश्न पत्र ही लीक किया जा रहा हैं। इससे साबित होता है कि झारखंड में विधि व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।

## धनबाद प्रेस क्लब में होली मिलन समारोह का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गांधी सेवा सदन स्थित धनबाद प्रेस क्लब में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारों ने गीत-संगीत और रंगों की मस्ती में मिलकर होली का स्वागत किया। पारंपरिक गीतों पर उपस्थित सभी लोग झूम उठे। इस दौरान अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा और महासचिव अजय प्रसाद ने कहा कि होली शांति और सद्भावना के साथ मनायें।

# होली पर धनबाद में सभी अधिकारियों की छुट्टी पर लगी रोक, आदेश जारी

## मुख्यालय छोड़ने से पहले डीसी ने लेनी होगी अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। होली के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिलेभर के सभी अधिकारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गयी है। अधिकारियों को मुख्यालय भी नहीं छोड़ने का निर्देश दिया गया है। डीसी माधवी मिश्रा ने इसे लेकर आदेश भी जारी कर दिया है, जिसका सख्ती से पालन करने को कहा गया है। बतातें चलें कि होली में विधि व्यवस्था और शांति बनाये रखने के लिए जिलेभर के दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी और पुलिस बल की बड़ी संख्या में तैनाती की जाती है, जिसके लिए अधिकारियों की जरूरत पड़ती है। ड्यूटी के लिए अधिकारियों की कोई कमी ना हो जाए, इस कारण छुट्टियों पर रोक लगा दी गयी है। वहीं, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों के दिन भी जिला मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गयी है। आवश्यक होने या आपात स्थिति में मुख्यालय छोड़ने से पहले अधिकारियों को डीसी की अनुमति लेनी होगी।

### 400 से अधिक दंडाधिकारियों की होगी तैनाती

सूत्रों की मानें तो होली पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलेभर में 400 से अधिक दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियं की तैनाती की जाएगी। खबर है कि धनबाद जिले के 100 से भी अधिक संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है। ऐसे स्थानों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जाएगी। जिनके साथ सशस्त्र पुलिस बल के जवान भी तैनात रहेंगें। जिलास्तरीय कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा। जहां तीन पालियों में 24 घंटे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जायेगी। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ही अधिकारियों की छुट्टियों पर रोक लगायी गयी है।

### उग्र भीड़ को नियंत्रित करने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

होली और रमजान महीने के जुमे को देखते हुए धनबाद पुलिस ने मंगलवार को पुलिस लाइन में हर तरह के परिस्थिति से निपटने के लिए रिहर्सल किया। दंगा नियंत्रण मॉक ड्रील सीसीआर डीएसपी सुमित कुमार की देखरेख में रिहर्सल किया गया। इस दौरान डीएसपी ने हथियार के इस्तेमाल की जानकारी दी। उन्होंने जवानों को अभ्यास कराया। प्रशिक्षण के दौरान कई टीमों का गठन किया गया। इसमें पुलिस, सिविल पुलिस, फायर फाइटिंग, लाठी पार्टी, चिकित्सा और रिजर्व पार्टी शामिल थीं। सभी को उग्र भीड़ को नियंत्रित करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को इंटी राइट गन, प्लास्टिक प्लेट्स, चिली बम, टियर गैस गन और वाटर केनन के इस्तेमाल के संबंध में जानकारी दी गयी। वहीं, एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त लगाने का निर्देश दिया है।

**न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

दाखिल–खारिज पुनरीक्षण वाद संख्या–09/2025

नोटिस

बनाम्

गुलाब चन्द राजभर, पिता–स्व0 सिताराम राजभर
सा0–माल्हन, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार:–प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में दायर दाखिल– खारिज पुनरीक्षण वाद में बार–बार नोटिस देने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतः आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वाद की सुनावाई हेतु निर्धारित तिथि 21.03.2025 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा वादको एकपक्षीय सुनवाई करते हुए आदेश पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.348484 Law(24-25):D

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(पर्यटन शाखा)**

**आम–सूचना**

Advertisement PR No. 346292 दिनांक 11–02–2025 द्वारा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–पर्य०/यो०–33/2022–16 दिनांक 19–07–2023 एवं उप निदेशक, पर्यटन के पत्रांक 128/राँची दिनांक 31–01–2025 के आलोक में जिले के पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े व्यवसायी को विभिन्न कैटेगरी में पंजीकरण कराने का निदेश दिया गया है।

अभी तक किन्ही व्यवसायी के द्वारा Jharkhand Tourist Trade Registration Portal पर पंजीकरण हेतु आवेदन समर्पित नहीं किया गया है, जो सरकार के आदेश का उल्लंघन है। Jharkhand Tourist Trade Registration Portal पर पंजीकरण कराने हेतु कैटेगरी वार निर्धारित दर निम्नवत् है :–

| Sl. No. | Category/Unit | Fee |
|---|---|---|
| 1 | **Accommodation Unit** | |
| Category A | For Accommodation unit having 50 and more than 50 lettable rooms | Rs 50000.00 |
| Category B | For Accommodation unit having more than 30 lettable rooms and less than 50 lettable rooms | Rs 20000.00 |
| Category C | Home stay | Rs 3000.00 |
| Category D | Accommodation units like Tent city/ Tented accommodation, House Boat, Motor Carvan, River/ Lake Cruise. | Rs 500.00 for one month (minimum Rs.1500) |
| 2 | Tour Operator/ Travel Agent/Tourist Transport Operator | Rs 5000.00 |
| 3 | Tourist Guide | Rs 300.00 |
| 4 | Adventure Tourism/ Adventure Sports Operators/Water Sports Operators (ASO) | Rs 15000.00 |
| 5 | Boat Operator | Rs 300.00 |
| 6 | Professional Tourist Photographers | Rs 300.00 |
| 7 | Entertainment related Unit | Rs 15000.00 |

पर्यटन एवं ट्रेवल ट्रेड से जुड़े सभी व्यवसायियों को निदेश दिया जाता है कि Jharkhand Tourist Trade Registration Portal पर अपने अपने व्यवसायों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा संबंधित व्यवसायियों के विरूद्ध Jharkhand Tourist Trade Registration Rules 2023 के प्रावधानों के आलोक में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

पंजीकरण से संबंधित विस्तृत विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.348495 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25):D

**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning,**
**Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk,**
**Doranda, Ranchi-834002 e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice 3rd Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**73**/24-25 Dated **11.03.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road- Deer-Park (on Ranchi-Muri road ), ramdera to Jharkhand More road upto Muri including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Ranchi in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 08.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand ) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operatin g Procedure (SOP) issued by Information Technology & e -Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 17.03.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 24.03.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 25.03.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10 | PR No | 347001 Road (24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

PR 348453 (Road)24-25*D

# सड़क परिवहन मंत्री ने छह लेन सड़क बनाने के लिए 50 करोड़ की मंजूरी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक भुवनेश्वर के बीच पलाशुनी में लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक की समस्या अब दूर होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गंगुआ नाला पर छह लेन सड़क के लिए भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने परियोजना के लिए 50 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। भुवनेश्वर सांसद के प्रस्ताव के मुताबिक, पलाशुनि में 4-लेन सड़क को 6-लेन बनाया जायेगा। अब गंगुआ नाला पर चार पोल वाली सड़कें हैं। इससे यहां से गुजरने वाले एनएच 16 की यातायात समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इसलिए, भुवनेश्वर सांसद के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक के रूप में यहां 6-लेन सड़क बनाई जायेगी। भुवनेश्वर के सांसद ने परियोजना को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। पिछले महीने भुवनेश्वर सांसद की पहल पर पलाशुनी में एक फुट ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया गया था। जो स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। अब, पलाशुनी में 4-लेन सड़क को 6-लेन तक चौड़ा करने से वास्तव में पलाशुनी में बहुत सारे यातायात जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

# सांसद ने अंगुल-जाजपुर रेलवे लाइन पर यात्री ट्रेनों के संचालन की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल ढेंकानाल के सांसद रुद्र नारायण पाणि ने लोकसभा में अंगुल जाजपुर रेलवे लाइन पर यात्री ट्रेनों के संचालन की मांग की। 25 साल पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में तत्कालीन रेल मंत्री राम विलास पासवान ने अंगुल सुकिंदा रेलवे लाइन की आधारशिला रखी थी। बाद में नरेंद्र मोदी की सरकार में रेलवे लाइन का काम पूरा होने के बाद दो साल से रेलवे पर मालगाड़ियां चल रही है। उस समय लोगों ने रेलवे के लिए बहुत कम पैसों में अपनी जमीन दे दी थी और सपना देखा था कि हमारे इलाके से एक पैसेंजर ट्रेन चलेगी, लेकिन अभी तक कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं चली है, इस पर श्री पाणि लोकसभा में ध्यान दिलाया है। सांसद पाणि ने केंद्र सरकार और ओड़िशा के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से अंगुल से बूढ़ापंक, परजंग, कामाक्षा नगर, भुबन, सुकिंदा से जाजपुर और भविष्य में पुरी और हावड़ा तक ट्रेनें चलाने और इस क्षेत्र में एक्सप्रेस ट्रेनें चलाने की अपील की है। इससे पहले भी सांसद पाणि ने कई बार अलग-अलग महलों में यही दावा करते रहे हैं।

### होली मिलन समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर उड़ाये रंग

# होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार/गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बरजो स्थित कार्यालय के पास संचालित डॉ भाभा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होली मिलन समारोह सह भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली गीतों पर झूमकर आनंद उठाया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज में शांति और एकता बनाये रखें और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। धनवार विधानसभा कार्यालय में होली समारोह में चारों मंडल के अध्यक्ष, धनवार मंडल अध्यक्ष अमित शाह, डोरंडा मंडल अध्यक्ष राजू पांडेय, घोड़ाथांभा मंडल अध्यक्ष कृष्णा वर्मा, मानसाडीह मंडल अध्यक्ष अशोक राय, कार्यकारणी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, उदय सिंह, सुबोध सिंह, अभिमंयु शर्मा, विनोद शर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, उमा शंकर देव, श्रीकांत राय, राजेंद्र यादव, महेंद्र चौधरी, लोकेश चौधरी, परमानंद यादव आदि उपस्थित थ।

# रेल प्रबंधक ने संरक्षा पुरस्कार से पांच कर्मचारियों को किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**खोरधा रोड।** खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने ड्यूटी के दौरान अनुकरणीय सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मंडल के पांच रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मान समारोह खोरधा रोड के वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नमोनारायण मीना और अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक ने कंपानी सेठी, ट्रैक मेंटेनर/हिंदोल, प्रमोद कुमार मंडल, ट्रैक मेंटेनर/बुढ़ापंक, अमरेश बेहेरा, टीपीएम 'बी'/सदाशिवपुर, कैलाश चंद्र बारिक, शंटिंग मास्टर/पुरी और शक्ति प्रसाद साहू टीपीएम 'ए'/कामाख्यानगर को सम्मानित किया। उन्होंने सभी रेल कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सतर्क, सजग और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहें।

# विधानसभा में पत्रकारों के लिए फोन पर प्रतिबंध हटाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विधानसभा में पत्रकारों के लिए मोबाइल फोन पर प्रतिबंध वापस ले लिया गया है। स्पीकर सूरमा पाढ़ी ने बुधवार को आदेश जारी कर कहा कि विधानसभा प्रेस गैलरी के अंदर पत्रकार अपना मोबाइल फोन नहीं ले जा सकते हैं। इसको लेकर पत्रकारों ने विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप अब यह आदेश हटा दिया गया है। मंत्री सूयवंशी सूरज ने जानकारी दी है कि इसी घटना को लेकर स्पीकर सूरमा पाधी से चर्चा के बाद इसे वापस ले लिया गया है। उसके बाद पत्रकारों ने धारणा से उठ गये, लेकिन आदेश जारी किया गया है कि मीडिया गैलरी में फोटोग्राफी और वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं की जा सकेगी। घटना को लेकर बुधवार को विधानसभा परिसर में अप्रतिकर परीस्थिति उत्पन्न हो गयी। मंगलवार को सदन में हुई मुठभेड़ के बाद विधानसभा की प्रेस गैलरी को मोबाइल फोन लेने से मना कर दिया गया। पत्रकारों से कहा गया कि वे अपना फोन गैलरी के बाहर छोड़ कर जा सकते है। इसके विरोध में पत्रकारों ने विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किये। इसमें कांग्रेस और बीजद विधायक भी शामिल हो गये। पहले भी सरकारों ने भी पत्रकारों पर ऐसे कई प्रतिबंध लगाये थे, लेकिन बुधवार को हुई घटना में स्पीकर सूरमा पाढ़ी ने खुद हस्तक्षेप कर मामले को सुलझाया।

# अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर ने ब्लू स्टार फाउंडेशन के साथ किया समझौता



**भुवनेश्वर ( आजाद सिपाही)।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च ने ब्लू स्टार फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। यह समझौता चयनित छात्रों को तीन वर्षों तक प्रति वर्ष 75,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त करने में सक्षम बनायेगा। छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से जरूरतमंद लेकिन अकादमिक रूप से मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन, इंटर्नशिप और सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण सहित उनकी उच्च शिक्षा के लिए व्यापक सहायता प्रदान करके दी जायेगी। इससे वंचित पृष्ठभूमि के योग्य छात्रों के लिए शैक्षिक और रोजगार के अवसर बेहतर होंगे। अध्ययन के पहले या दूसरे वर्ष के छात्र छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। समझौता ज्ञापन पर सोमवार को आइटीइआर के डीन प्रोफेसर प्रदीप कुमार साहू और ब्लू स्टार फाउंडेशन की ट्रस्टी सुनानिना मूर्ति ने हस्ताक्षर किये। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान ब्लू स्टार फाउंडेशन की सीएसआर मैनेजर प्रतिभा नायक, ब्लू स्टार लिमिटेड के वाणिज्यिक प्रबंधक (एयर-कंडीशनिंग डिवीजन) अरुण सेकरन, ब्लू स्टार लिमिटेड के सलाहकार एस कल्याण, आइटीइआर के अतिरिक्त डीन (प्लेसमेंट) डॉ राज कुमार होता और आइटीइआर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ सरोज आचार्य उपस्थित थे।

# वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने नयी 33 केवी भूमिगत लाइन चालू की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुरला।** संबलपुर शहर की बिजली आपूर्ति प्रणाली को अधिक मजबूत और विश्वसनीय बनाने के लिए, टीपीडब्ल्यूओडीएल ने गणेश नगर, संबलपुर में ओपीटीसीएल ग्रिड से अनीतापाली प्राथमिक उपकेंद्र (पीएसएस) तक 38 मेगावाट की एक वैकल्पिक नयी 33 केवी भूमिगत केबल लाइन बिछाई है, जो उस क्षेत्र के लिए वैकल्पिक बिजली आपूर्ति के रूप में कार्य करेगी। यह नयी वैकल्पिक 33 केवी भूमिगत केबल लाइन अनीतापाली, कैंसिर, बुधराजा, फाटक, मुदीपाड़ा, चेरुआपाड़ा, एसआरटीआइ कॉलोनी, जगंनाथ कॉलोनी, फार्म रोड, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, अंगुलियापारा और झारसुगुड़ा रोड, रेमेडी क्षेत्र सहित लगभग 30,000 उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इसमें संबलपुर शहर में स्थित कई आवासीय और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान, बैंक, स्कूल, सरकारी कार्यालय, पुलिस स्टेशन और होटल शामिल हैं। चरम भार के दौरान, मौजूदा ओवरहेड 33 केवी फीडर लाइन ओवरलोड हो जाती है। सीइओ परवीन वर्मा ने कहा कि आगे बढ़ते हुए, टीपीडब्ल्यूओडीएल ने सभी फीडर केबल भूमिगत बिछाने का फैसला किया है। इस नयी वैकल्पिक 33 केवी भूमिगत केबल लाइन की दूरी तीन किमी है और कंपनी ने इस पर लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। चूंकि ऐंठापाली और गणेश नगर के बीच 33केवी भूमिगत केबल चालू हो गयी है, इसलिए आम जनता और उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे उचित अनुमति के बिना उस मार्ग पर किसी भी प्रकार का खुदाई कार्य न करें।








































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**